हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
जमशेदपुर, मंगलवार 20 मई 2025
नगर संस्करण
वर्ष: 02,अंक:01
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com
मूल्य : दो रुपए

**सुविचार**

जो मन समस्याओं को जन्म दे रहा है, वो समाधान नहीं दे सकता। उस मन पर काम करने की जरूरत है।

### कर्नल सोफिया कुरैशी टिप्पणी मामला

# सुप्रीम कोर्ट को मंजूर नहीं विजय शाह की 'माफी', एसआईटी करेगी जांच

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर विजय शाह को सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में आईपीएस अधिकारियों की विशेष जांच समिति (एसआईटी) बनाने का आदेश दिया है। साथ ही पीठ ने विजय शाह की याचिका पर मध्य प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी मामले में सुनवाई करते हुए विजय शाह के वकील से पूछा कि हाई कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। उसके बाद इस मामले में क्या हुआ? क्या जांच हुई है? उन्होंने यह भी पूछा कि आपने क्या क्षमा याचना की है? इस पर विजय शाह के वकील ने कहा कि वे माफी मांग चुके हैं।

इसके बाद सर्वोच्च अदालत ने पूछा कि आपने किस तरह की माफी मांगी है। कई बार लोग नतीजे से बचने के लिए माफी का दिखावा करते हैं। हम जानना चाहते हैं कि आपने किस तरह की माफी मांगी है। कोर्ट ने विजय शाह के वकील से पूछा कि आपने बताया कि उन्होंने (विजय शाह) माफी मांग ली है, तो वह माफी कहां है, वह वीडियो कहां है? कोर्ट ने आगे कहा कि कुछ लोग तो इशारों से माफी मांगते हैं। कुछ घड़ियाली आंसू बहाते हैं। लेकिन, हम जानना चाहते हैं।

पीठ ने कहा कि हमें ऐसी माफी नहीं चाहिए। आप पहले गलती करते हैं, फिर कोर्ट चले आते हैं। आप जिम्मेदार राजनेता हैं। आपको सोच-समझकर बोलना चाहिए, लेकिन आपने बहुत घटिया भाषा अपनाई है। इस पर विजय शाह के वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि वह माफी मांग चुके हैं और माफी का वीडियो भी जारी कर चुके हैं।

इस पर कोर्ट ने कहा, ÷माफी किस तरह से मांगी गई है, इस पर निर्भर करता है। आपकी भाषा और अंदाज से नहीं लग रहा कि आप लज्जित हैं। आप कह रहे हैं कि किसी को ठेस पहुंची हो तो आप क्षमा चाहते हैं। हम आपकी माफी की अपील खारिज करते हैं। आपने सिर्फ इसलिए माफी मांगी है, क्योंकि कोर्ट ने कहा है। आपने 12 मार्च को ये बयान दिया, आपको पता था कि जब जनता की भावनाएं सेना के पराक्रम और देश के साथ थीं, तब आपने ऐसी घटिया भाषा सार्वजनिक तौर पर अपनाई।

कोर्ट ने मध्य प्रदेश से बाहर के तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की विशेष जांच समिति (एसआईटी) बनाने को कहा है। साथ ही अदालत ने मध्य प्रदेश सरकार को इस मामले में नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर निगरानी भी रखेगा। साथ ही उन्होंने स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने इस मामले में 28 मई तक स्टेटस रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

## मुख्यमंत्री से जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने की मुलाकात



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव सौरभ तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष, मैनेजिंग कमिटी के सदस्य मिहिर प्रितेश टोप्पो, रमेश कुमार, संजय जैन, रत्नेश कुमार सिंह, जिला प्रतिनिधि श्रीराम पुरी और उत्तम कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। जेएससीए के पदादिकारियों ने इस मौके पर मुख्यमंत्री को जेएससीए चुनाव से संबंधित पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जेएससीए के सभी निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि जेएससीए की नई टीम पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ झारखंड में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम करेगी।

उल्लेखनीय है कि जेएससीए चुनाव में अजय नाथ शाहदेव गुट की टीम ने क्लीन स्वीप करते हुए सभी 15 सीटें जीत ली है। इसके लिए रविवार को मतदान हुआ था। जिसमें कुल 718 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## रिश्वत लेते राजस्व उप निरीक्षक गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने हजारीबाग जिले के बड़कागांव में पदास्थापित राजस्व उप निरीक्षक प्रहलाद मांझी को तीन हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (एलपीसी) के लिए रिश्वत मांग रहा था। बकाउल्लाह खान नाम के व्यक्ति ने हजारीबाग एसीबी में लिखित शिकायत दी थी, जिसमें उनकी ओर से बताया गया था कि जमीन का एलपीसी बनवाने के लिये बड़कागांव अंचल कार्यालय में 10 दिन पहले फार्म जमा किये। इस संबंध में राजस्व कर्मचारी प्रहलाद मांझी से मिले, तो उन्होंने पांच हजार रूपये की मांग की।

बकाउल्लाह के आवेदन की सत्यापनकर्ता ने जब जांच की, तो तीन हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप सत्य पाया गया।

## सरना धर्म कोड को लेकर झामुमो का धरना 27 को

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची ।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो ) की ओर से 27 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धरना दिया जाएगा। यह जानकारी पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम नौ मई को निर्धारित था, लेकिन भारत और पाकिस्ताकन के तत्कालीन तनाव की स्थिति की चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। इस संबंध में पार्टी की ओर से झामुमो के सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष , जिला सचिव और जिला के संयोजक, महानगर अध्यसक्ष तथा महानगर के सचिवों को पत्र भेजा गया है।उल्लेखनीय है कि झामुमो ने इसे लेकर जब तक सरना धर्म कोड नहीं, तब तक जनगणना नहीं नामक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाने का निर्णय किया है।

## मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी कपूर कुमार टुडू को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिवंगत कपूर कुमार टुडू (कपूर बागी) को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत कपूर कुमार टुडू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री अपनी धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल के चिलगू-चाकुलिया स्थित कपूर कुमार टुडू के पैतृक आवास पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के साथ उनकी मां रूपी सोरेन भी थीं।

मुख्यमंत्री ने कपूर कुमार टुडू के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हमेशा समाज के लिए समर्पित रहे। उनका जाना न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हर संभव सहायता के लिए उनके साथ है और दिवंगत कपूर कुमार टुडू के सपनों को साकार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई वरिष्ठ नेता, स्थानीय विधायक और पार्टी कार्यकर्ता भी थे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, पार्टी कार्यकर्ता और शुभचिंतक भी मौजूद रहे, जिन्होंने दिवंगत कपूर कुमार टुडू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## तुर्किये और अजरबैजान का ट्रेड बॉयकॉट करेंगे टूर ऑपरेटर्स

राष्ट्र संवाद संवाददाता




**रांची।** भारत पाकिस्तान तनाव के समय तुर्किये और अजरबैजान की ओर से खुलकर पाकिस्तान का समर्थन करने का विरोध जताते हुए सोमवार को चेंबर भवन में उपस्थित ट्रैवल एंड टूर इंडस्ट्री से संबंधित ट्रैवल एजेंट और टूर ऑपरेटर्स ने दोनों देशों से व्यापार और ट्रैवल का पूरी तरह बॉयकॉट करने का निर्णय लिया।

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के टूरिज्म और सीविल एवीयेशन उप समिति की आयोजित संयुक्त बैठक में ट्रैवल एजेंट और टूर ऑपरेटर्स ने कहा कि हम उन दोनों देश के लिए कोई भी पैकेजेस और एयरलाइंस टिकट बुक नहीं करेंगे। साथ ही टूर ऑपरेटर्स ने कहा कि? यात्रियों को भी उन देशों से यात्रा करने से परहेज कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

मौके पर टूरिज्म उप समिति चेयरमेन शैलेष अग्रवाल ने कहा कि व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं हो सकता।

**हमारे देश में हैं कई रमणीय स्थल :** उन्होंने कहा कि जो देश भारत के खिलाफ काम करते हों, हम उनके साथ किसी तरह का व्यापारिक संबंध नहीं रखेंगे। सीविल एवीयेशन उप समिति चेयरमेन श्रवण राजगढिया ने कहा कि हमारे देश में ही ऐसे कई रमणीय स्थल हैं जहां छुट्टियों में घूमा जा सकता है। राज्यवासी उन देशों में न जाकर, अपने देश में ही घूमें। वहीं चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने राज्य के उद्यमियों से इन दोनों देशों से इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का बॉयकॉट करने की भी अपील की।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि भीषण भूकंप से तबाही के दौरान जिस समय हजारों की संख्या में तुर्किए के नागरिक मारे गए थे, उस समय सबसे पहले भारत ने तुर्की को राहत सामग्री, डॉ, नर्स, पैरा मेडिकल स्टाफ, मेडिकल इक्विपमेंट पहुंचाई थी। लेकिन जब मौका आया तो तुर्किए भारत की सद्भावना का लाभ उठाकर युद्ध के समय आतंकवाद का समर्थन किया।

**चेंबर देगा अभियान को गति**

चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि चेंबर अपने सभी टूर ऑपरेटर्स और अन्य स्टेकहोल्डर्स के समन्वय से इस अभियान को गति देगा। हमारे इन प्रयासों से इन देशों की अर्थव्यवस्था विशेषकर उनके टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर प्रभवित होगी। बैठक में महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि वे इन देशों के उत्पादों का प्रचार नहीं करें और न ही इनका स्टॉक रखें। इससे उन्हें आर्थिक चोट पहुंचाई जा सकती है। बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, आस्था किरण, सदस्य संजीव पोद्दार सहित अन्य उपस्थित थे।

## विदेश सचिव ने संसदीय समिति को बताया, संघर्ष में पाक की ओर से नहीं मिले 'परमाणु संकेत'

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**नई दिल्ली।** विदेश मामलों से जुड़ी संसद की स्थायी समिति के समक्ष सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव पारंपरिक दायरे में ही रहा और पाकिस्तान की ओर से कोई परमाणु संकेत (न्यूक्लियर सिग्नलिंग) नहीं दिया गया। सूत्रों के अनुसार, मिस्त्री ने समिति को बताया कि सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय पूरी तरह से द्विपक्षीय था और इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं थी। उनका यह जवाब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के संदर्भ में भी था। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने की। इसमें रविशंकर प्रसाद, अभिषेक बनर्जी, राजीव शुक्ला, दीपेन्द्र हुड्डा, असदुद्दीन ओवैसी, अपराजिता सारंगी और अरुण गोविल सहित अन्य शामिल हुए। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव के संदर्भ में बुलाई गई थी।

बैठक में सदस्यों ने विदेश सचिव से कई सवाल किए। साथ ही भारत को हुए नुकसान पर भी सवाल हुए। हालांकि विदेश सचिव ने कुछ प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के कथन पर उठे सवालों पर मिस्त्री ने समिति को बताया कि जयशंकर के बयान को 'गलत' अर्थ में नहीं देखना चाहिए।

## अकाशीय बिजली गिरने से विधायक प्रतिनिधि के एकलौते पुत्र सहित तीन की मौत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पलामू ।** पलामू प्रमंडल के गढवा जिले में सोमवार को आंधी-तूफान और बारिश ने कोहराम मचाया। इस क्रम में हुए आकाशीय बिजली गिरने से मेराल विधायक प्रतिनिधि के एकलौते पुत्र सहित तीन की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद से गांव में चीख पुकार मची हुई है।

माहौल गमगीन हो गया है। घटना गढवा के मेराल थाना क्षेत्र में दो अलग अलग गांव में हुई।

सोमवार दोपहर बाद अचानक तेज आंधी, तूफान के साथ हल्की बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से मैट्रिक का एक छात्र पूर्वारा टोला निवासी विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन का एकलौता पुत्र तरुण कुमार देव (18), लखेया गांव के शंभू बैठा (65) तथा रेजो गांव के धर्मेंद्र राम (35) की मौत हो गई। हादसे के बाद तीनों को घायलावस्था में मेराल सीएचसी में लाया गया, जहां डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने तीनों का इलाज किया, लेकिन तीनों की मौत हो गयी।




### मतदाता सूची को शत प्रतिशत संतुष्टि के करीब बनाएं जिससे इसकी चमक हीरे की तरह बनी रहे

# झारखंड में बने मतदाता सूची के विरुद्ध एक भी अपील दायर नहीं हुए है, यह एक सराहनीय उपलब्धि:ज्ञानेश कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में झारखण्ड के बूथ लेवल अधिकारियों (ब्र्न्ह्र), बीएलओ पर्यवेक्षकों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (EROs), जिला निर्वाचन अधिकारियों (DEOs) एवं बूथ जागरूकता समूह/ बूथ स्तरीय स्वयंसेवकों (BLVs) के लिए आयोजित दो-दिवसीय क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग भारत के संविधान, लोक प्रतिनिधित्व नियम 1950, निर्वाचन के नियमावली आदि में वर्णित दिशा निर्देशों का अनुपालन करता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के भ्रमण के क्रम में, वहां के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कर्मियों की कार्यशैली को देखने का अवसर मिला ,जिससे प्रभावित होकर एक पहल किया गया है, जिसके तहत देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि झारखण्ड भ्रमण के दौरान दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों से मिलने का मौका प्राप्त हुआ उनकी निर्वाचन से संबंधित अपने विषयों की जानकारी अत्यन्त ही प्रभावशाली है। उन्होंने झारखंड में निर्वाचन से संबंधित सभी स्टेकहोल्डर्स के कार्यों की सराहना की साथ ही कहा कि विगत के मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रमों के उपरांत झारखंड में बने मतदाता सूची के विरुद्ध एक भी अपील दायर नहीं हुए है। यह एक सराहनीय उपलब्धि है, लेकिन हमें इस ओर भी सभी मतदाताओं को शिक्षित करना है कि यदि मतदाता सूची से वह किसी प्रकार से असहमत हैं, तो वह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील कर सकते है एवं उनके निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर भी अपील की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें सभी लोगों को शिक्षित करते हुए मतदाता सूची को शत प्रतिशत संतुष्टि के साथ निर्मित करना है जिससे इसकी चमक हीरे की तरह बनी रहे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का एक उद्देश्य यह भी है कि मतदाताओं के बीच मतदान प्रक्रिया एवं ईवीएम के प्रति किसी प्रकार की गलत धारणा को दूर किया जा सके।

# नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**देवघर:** वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑगेर्नाइजेशन की टीम द्वारा प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. एन. डी. मिश्रा के नेतृत्व में देवघर जिले के सोनारायठाडी प्रखंड के एक विशेष समुदाय बाहुल गांव मगडीहा मुस्लिम टोला के एक स्कूल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम लगभग सौ स्कूली बच्चों को डॉ. एन.डी.मिश्रा ने आंख की जांच कर आवश्यक दवाइयां और रोग निदान के लिए परामर्श दिए।

शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान कर और उनका समाधान करना था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर बच्चे को खराब दृष्टि की बाधा के बिना अकादमिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर मिले। मौके पर सभी बच्चों को यूनिफार्म, पेंट व स्कर्ट भी डॉ. एन.डी.मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। इसके अलावे ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या नेत्र जांच करवाया।डॉ मिश्रा द्वारा उन्हें भी दवाई और आवश्यक सलाह दिया गया। मौके पर डॉ. एन.डी.मिश्रा ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। वे हमें अपने आस-पास की दुनिया को देखने में मदद करती हैं। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। ताकि आगे की किसी भी प्रकार की क्षति को रोका जा सके। मौके पर ग्रामिणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि आज के इस भौतिक युग में इस तरह के शिविर का आयोजन बहुत ही मानवीय और पुण्य का काम है ।क्योंकि आंखें हैं तो सब कुछ है अन्यथा कुछ नहीं। ग्रामीणों ने कैंप का आयोजन करने वाले डॉ. एन.डी.मिश्रा व वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑगेर्नाइजेशन की टीम को साधुवाद दिया। ज्ञात हो कि वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑगेर्नाइजेशन द्वारा डॉ. एन. डी. मिश्रा के नेतृत्व में देवघर जिले के सोनारायठाडी प्रखंड के मुस्लिम बाहुल गांव मगडीहा को शत प्रतिशत परिवार नियोजित गांव बना देने से उत्साहित टीम द्वारा सोनारायठाडी प्रखंड के पांच पंचायतों के दस गांव को पूर्णरूपेण जनसंख्या नियंत्रित पंचायत बनाने के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से बीच बीच में इस प्रकार का आयोजन कराया जाता है। इन गांव को शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ साथ जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से वैसे महिलाओं को जिनको दो बच्चे हैं उनका फैमिली प्लानिंग क तहत ऑपरेशन वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑगेर्नाइजेशन द्वारा कराया जाता है। उनके बच्चों की देखभाल के तहत उन्हें पांच वर्ष तक सारी सुविधाएं दी जाती है। ताकि उनका परिवार स्वस्थ रहे। उन बच्चों को शिक्षित करने का जिम्मा भी टीम उठाती है। बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूता मौजा, किताब, कॉपी पेंसिल, बैग उपलब्ध कराई जाती है।

## कतरास में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी, खून से सना पत्थर व शराब की बोतल बरामद



**राष्ट्र संवाद धनबाद**

कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद 10 नंबर ओबी डंप के समीप सोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तहकीकात की। पुलिस ने मौके से शराब की बोतलें, गिलास व कुरकुरे बरामद किया है। घटनास्थल के पास से खून लगा पत्थर को भी जब्त किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। शव की स्थिति और घटनास्थल पर पड़े खून से सना पत्थर व अन्य सामानों को देख लोग क ई तरह की आशंका जता रहे थे।

पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर तहकीकात में जुट ग ई है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### सार-संक्षेप

## जमशेदपुरः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संवेदनशील इलाकों में चलाया गया पैदल गश्ती

### अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क पर रहा मुख्य फोकस



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने और जनता के साथ समन्वय बेहतर बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जमशेदपुर पुलिस द्वारा एक विशेष पैदल गश्ती अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल ने हिस्सा लिया।
पैदल गश्ती अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में बढ़ती नशाखोरी, अड्डाबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध पार्किंग, असामाजिक लोगों पर निखिल करने के लिए पैदल मार्च की गई।

### संक्षिप्त खबरें

## गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार को कर्तव्यहीनता को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक ने किया निलंबित

### अफीम तस्करों को बचाने या उससे मिले होने की शिकायत पर की गई कार्रवाई



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**चतरा :** चतरा आरक्षी अधीक्षक विकास कुमार पांडेय द्वारा एक और जोरदार कारवाई से पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय द्वारा गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को कर्तव्य हीनता एवं अफीम तस्करों को अफीम मामले में बचाने तथा उनसे मिले होने की शिकायत पर निलंबित की गई। इस तरह एसपी के बड़ी कारवाई से जिले के थानेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि गिद्धौर ग्रामीणों के माने तो यह मामला सही बताया है तथा इस तरह एसपी के कारवाई से बहुत खुश है।

ग्रामीणों का कहना है कि थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता द्वारा कई मुकदमा में आरोपियों से अवैध रुपए लेकर छोड़ दिया जाना यह आम बात थी। जिसकी शिकायत लगातार आरक्षी अधीक्षक चतरा को प्राप्त हो रही थी ।जिसके आलोक में इस तरह बड़ी कारवाई की गई।

आपको बता दें गिद्धौर थाना क्षेत्र में कई चोरियां हुई थी जिसका उद्भेदन या गिरफ्तारी आज तक रहस्य बन कर रह गया है। जिससे थाना क्षेत्र के ग्रामीण काफी असंतुष्ट थे।

## यूथ मोबिलाइजेशन सह-रोजगार शिविर का सफल आयोजन



**राष्ट्र संवाद सं**

**दुमकाः** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जरमुंडी प्रखंड के नोनीहाट आजीविका संकुल में संकुल स्तरीय युथ मोबिलाइजेशन सह-रोजगार शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आजीविका से जोड़ना और बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना रहा। संकुल क्षेत्र के सभी चार पंचायतों से लगभग 50 युवक एवं युवतियों ने इस शिविर में सक्रिय भागीदारी की। शिविर में उपस्थित प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों आदि ने युवाओं को (जनरल ड्यूटी असिस्टेंट), रटड (सिक्योरिटी मैनेजमेंट ऑपरेशन्स), कंप्यूटर ऑपरेटर, इलेक्ट्रिकल, गैस पाइप फिटर एवं लॉजिस्टिक जैसे ट्रेड्स की जानकारी दी एवं प्रशिक्षण हेतु उनका चयन किया। प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं को ट्रेड से संबंधित कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण प्रक्रिया, रोजगार की संभावनाएं, कार्यस्थल की स्थिति एवं आवश्यक योग्यता की जानकारी दी गई, जिससे युवाओं में नई ऊर्जा एवं जागरूकता देखने को मिली।

## जन जवार मीडिया के पत्रकार ने संथाल काटा पोखर के इतिहास का लिया जायजा



**रानीश्वर ( दुमका )**

दिल्ली के प्रतिष्टित यू ट्यूब चेनल के पत्रकार जयप्रकाश ने सोमबार जिला खेल समिति के सदस्य रंजन मुर्मू के साथ यहां दिगुली स्थित संथाल काटा पोखर पंहुच कर 1855 के संथाल काटा पोखर का जायजा लिया हैं ।मौके पर उस पोखर के इतिहासकार गौतम चटर्जी , बाबूलाल मोदी ,कुंदन अधिकारी ,बलाई माल ,सुभेन्दु भट्टाचार्य मौजूद थे ।गौतम में बताया हैं कि संथाल विद्रोह के समापन के 165 साल के बाद भी उस घटना को इतिहास में जगह नहीं मिला था ।उस विद्रोह के इतिहास से जुड़ा दस्ताबेज को आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया हैं ।बर्ष दो हजार में सर्ब प्रथम उस पोखर का इतिहास से जुड़ा आलेख प्रकाशित हुई थी । दो दशक तक लगातार उस पोखर के इतिहास को प्रकाशित किया गया हैं । पूर्व उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने उस पोखर को हेरिटेज बनाने का पहल शुरू किये थे ।

# बीडी पत्ता तोड़ाई में मजदूरों के साथ किया जा रहा है घोटाला

### सरकारी दर 188 रुपए सैकडा मजदूरों को दिया जा रहा है मात्र 160 रुपए सैकडा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बीडी पत्ता का तोड़ाई जारी है। जहां मजदूर पेट भरने के वास्ते दिन दुपहरिया में जंगल पहाड़ों के गोद में जाकर केंदू पत्ता तोड़ कर संवेदक द्वारा बनाया गया फांडी में देता है ।

जिसका सरकारी मजदूरी दर 188 रुपए प्रति सैकड़ा है। किंतु ठेकेदार द्वारा महज 160 रुपए प्रति सैकड़ा देकर मजदूरों को मजदूरी पर शोषण किया जा रहा है। विचारणीय है कि इस भीषण



गर्मी के दिनों में केंदूपत्ता मजदूर केंदू पत्ता के रोजगार के लिए अपना दिन-रात न्यौछावर कर काफी चुनौतियां झेलते है, ताकि अपनी रोजी-रोटी चला सकें। ऐसे में यह केंदूपत्ता मजदूर काफी श्रम करने के बाद भी उतना ही कमा पाते है जितने में सुबह-शाम पेट की भूख मिटाई जा सकती है। फिर भी ठेकेदार द्वारा कम मजदूरी देकर शोषण किया जा रहा है। ठिकेदार सोहेल द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी मजदूरों को 160 रुपए प्रति सैकड़ा दिया जा रहा है बाकी मजदूरों के खाते में 88 रुपए डाल दिया जाएगा। वहीं मजदूरों का कहना है कि यदि कोई मजदूर दो दिन हीं बीडी पत्ता फांडी में बीड़ी पत्ता देता है तो उसको बकाया रुपया कैसे दिया जाएगा। यह केवल संवेदक द्वारा झूठ है।

# कार्तिक हाड़ी ने प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में कांग्रेस का थामा दामन

**राष्ट्र संवाद धनबाद**

हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी ने कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सोमवार को कांग्रेस पार्टी के संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश अध्यक्ष ने कार्तिक हाड़ी को माला पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। कार्तिक हाड़ी ने बताया कि कांग्रेस कि नीति सिद्धांतो से प्रेरित होकर कांग्रेस



पार्टी में जाने का निश्चय किया।कांग्रेस पार्टी का एक सच्चा सिपाही बनकर पार्टी द्वारा दिए जाने वाले दायित्व का अच्छे निर्वहन करने का प्रयास करेंगे।धनबाद निरीक्षण भवन के प्रांगण में आयोजित संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावे स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी,पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह संगठन प्रवेक्षक अशोक कुमार चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह,धनबाद विधान सभा कांग्रेस उम्मीदवार अजय कुमार दुबे,बाघमारा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम के अलावे जिला अध्यक्ष संतोष सिंह एवं जिले के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।एआईसीसी की कर्नाटक में आहूत बैठक में संगठन सृजन और जय बापू जय भीम और जय संविधान का प्रस्ताव पारित हुआ था। जिसके बाद छह मई को प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली हुईं और अब लगातार सभी 24 जिलों में भी यह रैलियां की जा रही है।

# महागामा नगर पंचायत के सफाईकर्मियों की मांगों को मिला जनसमर्थन, लोगों ने जताई एकजुटता




**राष्ट्र संवाद संवादाता**

**गोड्डाः** नगर पंचायत महागामा के सफाईकर्मियों की लंबित मांगों को लेकर अब जनसमर्थन भी खुलकर सामने आने लगा है। बीते कुछ समय से सफाईकर्मी अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं, जिसमें वे श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दैनिक मजदूरी, भविष्य निधि (ईपीएफ) और एरियर भुगतान की मांग कर रहे हैं।स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सुमित कुमार ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा 11 मार्च 2024 से सफाईकर्मियों के लिए 446 रुपये की दैनिक मजदूरी निर्धारित की गई थी, लेकिन आज तक न तो उन्हें यह दर मिली है और न ही एरियर का भुगतान हुआ है। साथ ही, ईपीएफ की सुविधा भी अब तक लागू नहीं की गई है, जबकि पहले इस विषय में प्रशासन के साथ मौखिक सहमति बन चुकी थी। सुमित ने कहा, ‟हम महागामा के नागरिकों की ओर से सफाईकर्मियों की सभी मांगों का पूर्ण समर्थन करते हैं और नगर पंचायत प्रशासन से अपील करते हैं कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र उचित कार्रवाई की जाए। इसी विषय पर अनीश केशरी ने भी अपनी बात रखते हुए कहा, ‟इन कर्मठ और समर्पित सफाईकर्मियों के बिना नगर की स्वच्छता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वे दिन-रात मेहनत कर नगर को साफ-सुथरा बनाए रखते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें वह सम्मान और अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं, जिनके वे वास्तविक हकदार हैं।‟ स्थानीय जनता की एकजुटता और समर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सफाईकर्मियों की समस्याएं अब केवल व्यक्तिगत नहीं रहीं, बल्कि यह पूरे समाज की चिंता बन गई हैं।

## सड़क हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत , दो युवक गंभीर रूप से घायल

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुरः** गोविंदपुर थाना अंतर्गत न्यू रोड में सोमवार की शाम हुए सड़क हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आदित्य कुमार सिंह, आदित्य ठाकुर और सुमित दिन के करीब 3:00 के आसपास घर से निकले थे. बताया जाता है कि आज आदित्य कुमार सिंह का बर्थडे था. सुमित और आदित्य ठाकुर आदित्य सिंह का बर्थडे सेलिब्रेट करने के क्रम में गोविंदपुर न्यू रोड सड़क पर फोटो खींच रहे थे. इसी दौरान बोरिंग गाड़ी की चपेट में तीनों आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए. तीनों को आनन- फानन में टाटा मोटर्स अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया है. बताया जाता है कि आदित्य सिंह किसी दुकान में काम करता है. जबकि आदित्य ठाकुर दसवीं का छात्र है. वैसे अस्पताल सूत्रों की माने तो आदित्य सिंह की स्थिति भी बेहद नाजुक बनी हुई है.

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध सीबीआई की छापेमारी जारी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

भ्रष्टाचार के विरुद्ध सीबीआई ने सीसीएल में जालसाजों का बिकेट ढाहने को लेकर छापेमारी जारी।

रामगढ़ में संचालित सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना, सयाल परियोजना कार्यालय सहित महाप्रबंधक कार्यालय में सीबीआई की रेड।महाप्रबंधक कार्यालय को सीबीआई की टीम अपने गिरफ्त में लेकर कई फाइलों को खंगाल रही है। रोड सेल सहित भ्रष्टाचार के सूचना पर सीबीआई की छापेमारी की सूचना। सीबीआई कार्रवाई की सूचना पर टंडवा कोयलांचल दहल रहा है।

रोड सेल में प्रति ट्रैकों से लाखों रुपए वसूली करने वाला संगठित गिरोह मौके पर हुआ फरार। रामगढ़ में सीबीआई की रेड से टंडवा कोयलांचल के दफ्तरों में पसरा है सनाटा।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल की सचिव ममता किरण को विजनरी इंडियंस अवॉर्ड्स से किया गया सम्मानित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**देवघरः** डिवाइन पब्लिक स्कूल की सचिव ममता किरण को दिल्ली संसद भवन मार्ग स्थित रंग भवन ऑडिटोरियम आकाशवाणी भवन में विजनरी इंडियंस अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड अभिनेत्री पूनम ढिल्लो के हाथों उनके द्वारा की गई समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में किये कार्यों के लिए दिया गया।




ममता किरण ने कहा कि एक महीने में मुझे दो बार सम्मानित किया जाएगा ये मैने कभी सोचा नहीं था। बीस वर्षों में मैंने जो संघर्ष किया और अपने सामर्थ्य के अनुसार जो समाज सेवा की, वो शायद आज रंग लाया है। बाबा भोलेनाथ मुझे इतनी शक्ति दे कि मैं हमेशा किसी जरूरतमंद के काम आ सकूं। देवघर वासियों का प्यार और आशीर्वाद मुझ पर हमेशा बना रहे ऐसी कामना करती हूँ। ममता किरण को इससे पहले भी भारत प्रतिभा सम्मान पुरस्कार व वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला आइकॉन अवार्ड दिये जा चुके हैं।

## एडीएम ने बीबीएमकेयू में किया अंतिम चरण की तैयारियों का निरीक्षण



**राष्ट्र संवाद धनबाद**

एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा ने सोमवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में माननीय राज्यपाल सह कुलाधिपति, श्री संतोष कुमार गंगवार तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम के अंतिम चरण की तैयारियों का निरीक्षण किया।
मंगलवार, 20 मई 2025, को यूनिवर्सिटी में माननीय राज्यपाल सह कुलाधिपति, श्री संतोष कुमार गंगवार तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के करकमलों द्वारा यूनिवर्सिटी कैंपस में स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा के अनावरण किया जाएगा।
इस दौरान माननीय राज्यपाल तथा माननीय मुख्यमंत्री के बरवाअड्डा हवाई पट्टी से युनिवर्सटी तक आगमन रूट, युनिवर्सिटी कैंपस में उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत, प्रतिमा अनावरण स्थल, कार्यक्रम स्थल, स्टेज, डी बॉक्स, ग्रीन रूम, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, अतिथियों व मीडिया का बैठक स्थल, ग्रीन रूम, कंट्रोल रूम, मेडिकल डेस्क, फायर सेफ्टी, दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया गया।
इसके बाद एडीएम ने यूनिवर्सिटी कैंपस में जिला प्रशासन तथा यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
मौके पर नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त श्री प्रसून कौशिक व श्री प्रकाश कुमार, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता श्री चंदन कुमार, डीएसपी मुख्यालय एक श्री शंकर कामती, ट्राफिक डीएसपी श्री अरविंद कुमार सिंह, बीबीएमकेयू के वाइस चांसलर सिनियर प्रोफेसर ( डॉ) राम कुमार सिंह, प्रोक्टर डॉ कौशल कुमार, रजिस्ट्रार डॉ डीके सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को के. राजू, केशव महतो कमलेश, गुरमीत सिंह सप्पल, मंत्री के साथ वरिष्ठ नेतागण संबोधित करेंगे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रेस वार्त्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि
अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी, प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर जमशेदपुर के साकची में संविधान बचाओ रैली का आयोजन दिनांक 25 मई 2025 को अपराह्न 3:30 बजे से होगा।
रैली में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद, सांसद सह राष्ट्रीय प्रवक्ता गुमीत सिंह सप्पल, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रभारी मंत्री राधाकृष्णन किशोर, प्रभारी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद राज्यसभा प्रदीप बलमुचू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार राष्ट्रीय प्रवक्ता, मंत्रीगण, विधायकगण एवं वरिष्ठ नेतागण रैली को संबोधित करेंगे।
प्रेस के माध्यम से प्रखण्ड क्षेत्र, मण्डल क्षेत्र, पंचायत क्षेत्र/वार्ड क्षेत्र के अन्तर्गत निवास करने



वाले सभी कांग्रेस नेतागण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं आम जनता, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि को रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता, प्रदेश नेता, मंत्रीगण, विधायकगण एवं वरिष्ठ नेता हमारे भारतीय संविधान को बचाने के लिए बात रखेंगे। वर्तमान में हमारे संविधान के मयार्दा के साथ खिलवाड करने की कोशिश की गई। हर भारतीय को संविधान के रक्षार्थ खड़े होने के लिए जागरूक किया जाएगा।
प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने जातीय जनगणना की बात मजबूती से उठाई जिसकी जीत हुई है।
केन्द्र सरकार के सानिध्य में सरकारी ऐजेंसियों का दुरुपयोग की जा रही है। जो संविधान के संरचना पर सीधे हमला है। ऐसे अनेकों विषय रैली में हमारे वक्ता के द्वारा रखा जाएगा।
कांग्रेस पार्टी हमेशा से राष्ट्र प्रथम के नीति के साथ चलती है।
भाजपा के मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक ना जाने कितने भाजपा नेताओं ने सेना के कर्नल सोफिया कुरैशी एवं सेना को अपमानित किया है। जिस पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी संज्ञान लिया, लेकिन भाजपा ने उन नेता मंत्री के विरुद्ध कोई कार्रवाई तक नही किया। ऐसी अनेको विषयों पर रैली में चर्चा होगी। कांग्रेस पार्टी जनता के समस्या को लेकर आंदोलन करने का कार्य तेज गति से करेगी।
प्रेस वार्ता में जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार झा, प्रदेश महामंत्री बिजय खाँ, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, सामंता कुमार, कार्यकारीअध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर, शशी कुमार सिन्हा, शफीअहमद खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, उपस्थित रहे।

# बागबेड़ा कॉलोनी कुंवर सिंह मैदान में पंचायत प्रतिनिधियों के पहल पर प्याऊ का शुभारंभ

राष्ट्र संवाद संवाददाता

## पानी भरने एवं देखरेख की जिम्मेवारी कुंवर सिंह स्मारक समिति को सौपा गया

प्रभात खबर एवं जिला अग्रवाल सम्मेलन के सौजन्य से पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के पहल पर बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत अंतर्गत कुंवर सिंह मैदान स्थित कुंवर सिंह स्मारक भवन के समक्ष स्टैंड के साथ घड़ा, मग और गिलास उपलब्ध करवाकर शुभारंभ किया गया। इस प्याऊ का शुभारंभ एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य अशोक कुमार झा अविचल एवं पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने संयुक्त रूप से घड़े में पानी डालकर किए.इस प्याऊ का जिम्मेवारी कुंवर सिंह



स्मारक समिति के सदस्यों को सौंपी गई है। समिति के सदस्य प्रतिदिन इस घड़े में ठंडा पानी भरकर इसका देखरेख करेंगे। इस प्याऊ से राहगीरों सहित स्थानीय लोग शुद्ध ठंडा पीने का पानी पी सकेंगे। इस पुनीत कार्य के लिए पंचायत प्रतिनिधि सहित स्थानीय लोगों ने प्रभात खबर एवं जिला अग्रवाल सम्मेलन के टीम को धन्यवाद भी दिए हैं।
इस दौरान प्राचार्य अशोक कुमार झा अविचल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी में यह एक राहत दायक कदम है, वही पंसस सुनील गुप्ता ने कहा कि पिछले वर्ष की बातें इस वर्ष भी सामाजिक जिम्मेदारियां के तहत यह कार्य किया गया है।
इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, समाजसेवी रमेश सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# जदयू की बैठक में साफ सफाई की स्थिति की समीक्षा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जनता दल (यूनाइटेड) उलीडीह थाना समिति की महत्वपूर्ण बैठक थाना अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई. बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. मुख्य रूप से क्षेत्र में साफ सफाई की स्थिति की समीक्षा की गई.
कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने बताया की मानगो नगर निगम इलाके में साफझ सफाई की स्थिति अत्यंत दयनीय है. नगर निगम के अधिकारी सफाई कार्य को लेकर बेहद उदासीन है. निगम द्वारा बहाल सफाई ठेकेदार सफाई कार्य को सुचारू रूप से करने में पूरी तरह से असफल साबित हो रहे है. थाना समिति अध्यक्ष पवीण सिंह ने



कहा कि नगर निगम के अधिकारी चिर निद्रा से सोए हुए है. नगर निगम के उपनगर प्रसाशक से लेकर अन्य सभी अधिकारी जनता के प्रति जवाबदेह है और यदि जनहित के कार्यों को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए नगर निगम अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाता है तो आने वाले दिनों में जद (यू) उलीडीह थाना समिति के पदाधिकारी नगर निगम के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन सह हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन कर इनको इनके जिम्मेदारी का एहसास कराने का कार्य करेंगे.बैठक में मुख्य रूप से जद (यू) जिला सचिव विकास साहनी, थाना समिति के महामंत्री मनोज गुप्ता, शंकर बनर्जी, उपाध्यक्ष संजय सिंह, सचिव विजेंद्र सिंह, राहुल तिवारी,अभिजीत सेनापति, प्रतिभा सिंह, मनोज राय, मनोज ओझा, संगीता शर्मा, योगेंद्र साहू, सागर दत्ता आदि उपस्थित थे.

# जमशेदपुर में तुर्की के सभी सामानों का बहिष्कार ,हिंदू संगठन और हिंदू समाज के सैकड़ो लोगों ने तुर्की का किया विरोध किया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद मामले में तुर्की द्वारा पाकिस्तान को सहयोग किया गया, जिसके बाद तुर्की के सभी सामानों का बहिष्कार जमशेदपुर में किया जा रहा है, जमशेदपुर के बाजारों में हिंदू संगठन और हिंदू समाज के सैकड़ो लोगों ने तुर्की के खिलाफ विरोध किया, सभी फल दुकानों में तुर्की के सेव का बहिष्कार किया गया, दुकानदार और आम लोगों से तुर्की के समान नहीं लेने की अपील की गई, कदमा बाजार में सैकड़ो हिंदू संगठन के लोगों ने दुकानदारों को तुर्की के सेव लेने से मना किया



जमशेदपुर में हिंदू एकता मंच के द्वारा तिरंगा झंडा लेकर कदमा बाजार में फल विक्रेताओं को जागरूक किया और उन्हें बताया कि भारत - पाकिस्तान के युद्ध में तुर्की ने पाकिस्तान की मदद की थी, जो भी भारत के विरुद्ध कदम उठाएगा और दुश्मन देश की सहायता करेगा, वैसे देश से हमें किसी प्रकार का कोई भी व्यापार नहीं करना है, तुर्की से आने वाले सेव ,खजूर आदि वस्तुओं का हमें बहिष्कार करना है, जब तक हम इन लोगों को सबक नहीं सिखाएंगे, तब तक यह लोग समझेंगे नहीं।
द्विपल विश्वास के नेतृत्व में विभिन्न दुकानदारों से कहा गया कि आप कृपया तुर्की के सेव ना मंगाए ना बेचे।
वहीं दुकानदारों ने कहा कि अब हम लोग तुर्की के सेव या उनका कोई सामान फल आदि नहीं मंगा रहे हैं। जो सामान बचा है, उसको बेचकर हटा रहे हैं। उसके बाद उन सामानों को हमें नहीं बेचना है।
कई दुकानदार ने बताया कि उनके यहां अभी कोई तुर्की का सेव नहीं है।
कुछ दुकानदारों ने स्वीकार किया कि हमारे पास कुछ बचे हुए स्टॉक है, जिसे हम खत्म करके दोबारा तुर्की से से नहीं मंगाएंगे।

# जेएससीए चुनाव में संजय पांडे की जीत पर साकची में लड्डू वितरण और आतिशबाजी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू के नेतृत्व में सोमवार को साकची बड़ा गोलचक्कर के समीप झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव सौरभ तिवारी एवं पूरी टीम की जीत की खुशी में लड्डू वितरण एवं आतिशबाजी की गई। इस मौके पर राकेश साहू ने कहा कि संजय पांडे जैसे कर्मठ और समर्पित व्यक्ति के नेतृत्व में झारखंड क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने पूरे जोश और उत्साह के साथ जीत



का जश्न मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रिंस सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश झा, बलदेव सिंह, युवा कांग्रेस के महासचिव कमलेश साहू, जिला सचिव मुकेश यादव, महिला कांग्रेस नेत्री संध्या दास, संतोष गुप्ता, गौतम साहू, सागर साहू, अमित कुमार, वेदांत कुमार, हर्ष गुप्ता, सुनील रविदास, अवधेश कुमार आदि मौजूद थे।

# साकची पुराना कोर्ट के पास महिला से छिनतई, बाइक सवार अपराधी 40000 नकद और सोने के टॉप्स लेकर फरार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

शहर में अपराध का ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ता जा रहा है। ताजा घटना में सोनारी की रहने वाली महिला राधिका देवी के साथ छिनतई हुई है। यह वारदात पुराने कोर्ट के पास रमेश कुल्फी के सामने रविवार की रात उस समय हुई, जब वह मानगो से अपने मायके से लौट रही थीं और सोनारी स्थित अपने घर जा रही थीं।
राधिका देवी ने बताया कि जब वह अपने घर की ओर बढ़ रही थीं, उसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात अपराधी तेजी से आए और झपट्टा मार कर उनका पर्स छीन



लिया। पर्स में 40000 नकद, दो सोने के टॉप्स और मोबाइल फोन था।
यह घटना इतनी जल्दी हुई कि कुछ समय तक वह कुछ समझ ही नहीं पाईं। जब उन्होंने शोर मचाया, तो आस-पास के लोग दौड़ कर पहुंचे, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। फिलहाल, मामले की जांच चल रही है और आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ हफ्तों से जमशेदपुर और आस-पास के इलाकों में चोरी और छिनतई की घटनाओं में इजाफा हुआ है।

# न्यायपालिका का असम्मान अस्वीकार्य : मंच

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के अधिवक्ताओं की एक संस्था कोल्हान अधिवक्ता मंच ने देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि न्यायपालिका के प्रति असम्मान दर्शाने वाले महाराष्ट्र की मुख्य सचिव सुजाता सोनिक, डीजीपी रश्मि शुक्ला, मुंबई पुलिस कमिश्नर देवेन भारती के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।
अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार ये तीनों पदाधिकारी शायद अपने जातीय पूर्वाग्रह से प्रेरित रहे हैं। लोकतंत्र में न्यायपालिका का क्या स्थान है, यह एक साधारण सा भारतीय नागरिक भी जानता है।



लेकिन अपने लंबे सेवा काल अनुभव और वरीयता के आधार पर इस पद पर पहुंचे तीनों पदाधिकारी, इस तथ्य से अनजान हैं, यह समझ से परे है।
वरीय अधिवक्ता सुशील कुमार जायसवाल के अनुसार इसके पीछे के कारणों की तह पर जाना जरूरी है, कैसे राज्य के वरीय पदाधिकारी ने देश के न्यायपालिका के शीर्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई के राज्य स्वागत के प्रोटोकॉल औपचारिकता की भी अनदेखी करने की हिमाकत की है। इन तीनों पदाधिकारी के खिलाफ ऐसी कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए जो देश के अन्य शीर्ष पदाधिकारी के लिए उदाहरण बने।
अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के अनुसार जिस दिन न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई मुख्य न्यायाधीश बने, वह देश के लिए सुनहरा अध्याय है। देश की अनेकता में एकता का पर्याय है।
अधिवक्ता राहुल राय, अधिवक्ता एसके सिंह, अधिवक्ता बबिता जैन, अधिवक्ता सरोज बोदरा, अधिवक्ता पार्थसारथी ने इनके खिलाफ कार्रवाई करने पर बल दिया है।

# डीबीएस कॉलेज में पूर्व छात्रों की कमिटी का पुनर्गठन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

डीबीएस कॉलेज के सभागार में महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्व छात्रों की कमिटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
इस कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की उपप्राचार्या डॉक्टर मोनिका उप्पल द्वारा अलुमनाई सदस्यों का स्वागत भाषण से हुआ. प्राचार्य डॉक्टर जूही समर्पिता ने संगठन को आगे बढ़ाने के लिए अपने सुझाव दिए और पूर्व छात्रों को



उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। पूर्व कमेटी मेंबर का कार्यकाल पूरा होने के कारण, पुरानी कमिटी के विघटन के बाद वोटिंग द्वारा नई कमेटी मेंबरों का चुनाव किया गया। नई कमिटी में अध्यक्ष - सुयाशा उपाध्यक्ष - डी. कोमल सचिव - दीक्षा संयुक्त सचिव- मणिमाला कोषाध्यक्ष आफरीन का चुनाव हुआ.
क्लब मॉडरेटर अर्चना कुमारी ने कहा कि यह आयोजन न केवल पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाने का प्रयास है बल्कि कॉलेज और इसके पूर्व छात्रों के बीच मजबूत संबंधों को बनाए रखने का भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर अनेक अलुमनाई सदस्य उपस्थित थे कार्यक्रम में सुयाशा, कोमल, दीक्षा, रजनी, अनिमा, तनुश्री, पित्रदेव, देवांशु, यमन, सुकन्या, सिमरन,परविंदर, रुबी,देवांशु, लक्ष्मीकांत, अपराजिता,काजल, एंजेल, चंद्रमनी, पुष्पवल्ली, प्रियंका,तरनजीत प्रियंका माहेश्वरी टी.धारना, आदि प्रमुख थे. सभी ने अलुमनाई संघ को नई ऊंचाई प्रदान कर ने का संकल्प लिया.
डीबीएमएस कॉलेज के अध्यक्ष बी.चंद्रशेखर , सचिव श्रीप्रिया धर्मराजन, संयुक्त सचिव सुधा दिलीप ने भी नई कमिटी को अपनी शुभ कामनाएं दीं.

# घाघीडीह केंद्रीय कारा व घाटशिला उपकारा में जेल अदालत सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर ।** घाघीडीह केंद्रीय कारा में जेल अदालत सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना मिश्रा मौजूद रहीं ,वहीं न्यायिक दंडाधिकारी, रेलवे कोर्ट चाईबासा वर्चुअल रूप से जुड़े थे। शिविर में विशेष कर वैसे बंदियों को चिन्हित किया गया , जिनके परिवार वाले जमानत के लिए उपस्थित नहीं हो रहे हैं। साथ ही वैसे बंदी, जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है, उनकी बारे में जानकारी ली गई। न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना मिश्रा ने कारा के बंदियों से एक-एक कर बात की तथा उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। जेल में रहन-सहन, भोजन, न्यायिक सहयोग परिवार के संबंध में हर मुद्दे पर बंदियों से बात की गई । जेल अदालत में कुल-05 वादो को रखा गया, जिसमें 05 वादो का निष्पादन हुआ, जिसमें 05 बंदी लाभान्वित हुए। 05 बंदियों में से 01 बंदी तत्काल कारा से मुक्त हुए.

## सार-संक्षेप

### नीलाम पत्र वादों के निष्पादन को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी, धालभूम के अध्यक्षता में हुई समीक्षात्मक बैठक



राष्ट्र संवाद संवाददाता
अनुमण्डल पदाधिकारी, धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार द्वारा नीलाम पत्र वादों के निष्पादन से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक किया गया। इस दौरान उन्होंने नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में तेजी लाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए। अनुमण्डल पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि न्यायालयों द्वारा निर्गत D/W (डिटेनशन वारंट) एवं B/W (बॉन्ड वारंट) पर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने सभी उपस्थित थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारियों के न्यायालय से निर्गत वारंट पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए, अनुपालन प्रतिवेदन संबंधित न्यायालय में यथाशीघ्र जमा करना सुनिश्चित करें।
बैठक में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी मोजाहिद अंसारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री चन्द्रजीत सिंह, पुलिस उपाधीक्षकगण तथा क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### जमशेदपुर मे फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्र संवाद संवाददाता
जमशेदपुर मे फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के द्वारा डिलरों के समक्ष उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर जिले के उपायुक्त एवं विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा साथ ही इस महीने के अंत तक इसपर करवाई किये जाने की मांग की गई है, इन्होने कहा की सरकार के द्वारा आगामी जून माह मे तीन महीने का राशन दो पाली मे वितरण का निर्देश दिया गया है, जिसमे 1 से लेकर 15 जून तक दो माह का राशन एवं अगले 15 दिनों मे एक माह का राशन वितरित करने का निर्देश दिया है, डिलरों के अनुसार एक माह मे दो बार राशन वितरण करना संभाव नहीं है चुंकि राशन वितरण मे 2 जी मशीन का इस्तेमाल किया जाता है और इतने कम समय मे दो बार राशन वितरण नहीं हो सकता, इन्होने मांग रखी है की दो अलग अलग पाली के बजाये एक ही पाली यानि तीनो महीने के राशन वितरण के लिए इन्हे पूरा जून माह का समय दिया जाये

### कदमा पुलिस ने अपराध की योजना बनाते दो अपराधियों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार




राष्ट्र संवाद संवाददाता
जमशेदपुर के कदमा थाना पुलिस ने अपराध की योजना बनाते दो अपराधियों को हथियार के साथ धर दबोचा और सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस की गिरफ्त में आए अपराधियों में अंकुर सिंह और उदयभान सिंह शामिल है. इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 18 मई को दिन के करीब 11:30 बजे सूचना मिली कि एलआईसी ग्राउंड में कुछ संदिग्ध हथियार के साथ घूम रहे हैं. सूचना के सत्यापन हेतु एक टीम का गठन किया गया. टीम के छापेमारी करते हुए दोनों को खदेड़ कर धर दबोचा. उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से दो लोडेड देसी पिस्टल तीन जिंदा कारतूस और एक आईफोन बरामद किया गया. दोनों किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे. बताया कि अंकुर सिंह हत्या के आरोप में पूर्व में भी जेल जा चुका है और जेल से छूटने के बाद उदयभान सिंह के साथ शहर में दहशत फैलाने के उद्देश्य से घूम रहा था. दोनों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है.

### यूसील जादूगोड़ा डैम से गंदा पानी सप्लाई होने पर प्रखंड प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम ने चिंता जताई

राष्ट्र संवाद संवाददाता
यूसील जादूगोड़ा डैम से गंदा पानी सप्लाई होने पर प्रखंड प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कंपनी की



लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गर्मी में लोग साफ पानी को लेकर सतर्क रहते हैं, लेकिन कंपनी की 50 साल पुरानी फिल्टर व्यवस्था से शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। लगातार गंदा पानी पीने से लोग बीमार हो रहे हैं।
जादूगोड़ा थाना क्षेत्र में किडनी, लीवर, शुगर, बीपी और कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। यूसील के कई अधिकारी भी कैंसर के शिकार हो चुके हैं। रामदेव हेम्ब्रम ने कहा कि कंपनी लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। गंदा पानी पीने से लोग चर्म रोग और डायरिया जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं।
यूसील डैम से जादूगोड़ा की 20 हजार से ज्यादा आबादी को पानी सप्लाई होता है। नरवा पहाड़ क्षेत्र की 20 हजार से अधिक आबादी को भी यही पानी भेजा जाता है। ऐसे में प्रबंधन की लापरवाही से बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हे
रामदेव ने बताया कि डैम का दूषित पानी गुर्रा नदी में भी मिल रहा है। इससे नदी के जीव-जंतु और आसपास के लोग बीमार हो रहे हैं। ग्रामीणों को मेडिकल सुविधा नहीं मिल रही है। सरकारी सुविधा भी बंद कर दी गई है। विस्थापितों के साथ अन्याय हो रहा है। विस्थापित बच्चियों को पढ़ाई से वंचित रखा जा रहा है।
यूसीएल कर्मियों ने प्रमुख से शिकायत की है कि लोगों को मजबूरी में डब्बा बंद पानी पीना पड़ रहा है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रही है यूसील के द्वारा लोगों को मूलभूत सुविधा नहीं दी जा रही है जिससे ग्रामीण भारी संख्या में नाराज है।
रामदेव हेम्ब्रम ने यूसील प्रबंधन पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों में आपसी तालमेल की कमी है।

## संपादक की कलम से

# पार्षदों के इस्तीफे से दिल्ली में 'आप' की साख को और लगेगा बट्टा

**देवानंद सिंह**




दिल्ली की राजनीतिक फिजाओं में शनिवार को उस वक्त एक बड़ा उलटफेर दर्ज हुआ जब आम आदमी पार्टी के 15 निगम पार्षदों ने न केवल पार्टी से इस्तीफा दे दिया, बल्कि इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नाम से एक नए राजनीतिक मंच की भी घोषणा कर दी। इस घटनाक्रम ने न केवल 'आप' की निगम में पकड़ को कमजोर किया है, बल्कि दिल्ली की शहरी राजनीति में एक नए मोर्चे की दस्तक भी दे दी है।

इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के गठन की घोषणा आदर्श नगर के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल के नेतृत्व में की गई। गोयल न केवल एमसीडी में आम आदमी पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक रहे हैं, बल्कि पूर्व में निगम स्थायी समिति के अध्यक्ष और सदन के नेता जैसे महत्वपूर्ण पदों को भी संभाल चुके हैं। उनके इस कदम को पार्टी के भीतर लंबे समय से चल रहे असंतोष, अधिकारों की अनदेखी और शहरी विकास के मुद्दों पर विफलता के विरुद्ध एक ह्यराजनीतिक विद्रोहह्न माना जा सकता है।

मुकेश गोयल सहित जिन पार्षदों ने पार्टी छोड़ी, उन्होंने इसके पीछे मुख्यतः तीन कारण बताए, पहला, निगम की कार्यप्रणाली में ठहराव, दूसरा पार्षदों को विकास कार्यों के लिए फंड न मिलना और तीसरा सदन की कार्यवाही में टकराव की राजनीति का बोलबाला। गोयल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट कहा कि हमने ढाई साल पहले लोगों के हितों और दिल्ली के विकास को केंद्र में रखकर 'आप' के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन मौजूदा नेतृत्व अब न विकास चाहता है, न लोकतांत्रिक संवाद। इस कथन के जरिए उन्होंने न केवल पार्टी के नेतृत्व पर हमला बोला, बल्कि उस निराशा को भी उजागर किया, जो दिल्ली के चुने गए जनप्रतिनिधियों के भीतर धीरे-धीरे गहराती जा रही थी।

इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को लेकर मुकेश गोयल और उनके सहयोगियों का दावा है कि यह पार्टी नगर निगम की राजनीति को जनकल्याण और विकास की पटरी पर लौटाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि कश्ढ किसी एक पार्टी की विरोधी नहीं है, बल्कि दिल्ली के लिए काम करने वाली ताकतों का समर्थन करेगी। हिमानी जैन ने कहा, ह्यहम उस पार्टी का समर्थन करेंगे, जो दिल्ली के विकास के लिए काम करेगी।ह्न यह वक्तव्य राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संभावित गठबंधन की संभावना और नगर निगम में शक्ति संतुलन की नई दिशा की ओर इशारा करता है।

इस परिस्थिति में, यह भी महत्वपूर्ण है कि इस नए मोर्चे ने अभी तक स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि वह भाजपा या कांग्रेस के साथ है या नहीं, लेकिन बयान यह जरूर दशार्ते हैं कि वे अअढ के मौजूदा रवैये से नाराज हैं और वैकल्पिक शक्ति केंद्र के रूप में उभरना चाहते हैं। इस घटनाक्रम के बाद आम आदमी पार्टी के पार्षदों की संख्या 113 से घटकर 98 हो गई है। यह आंकड़ा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम में सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए 126 सीटों में से कम से कम 64 सीटों का समर्थन आवश्यक होता है। आप के लिए संकट सिर्फ संख्याओं का नहीं, बल्कि नैतिकता और संगठनात्मक एकता का भी है।

पार्टी के भीतर से उठे इस असंतोष ने संगठनात्मक नेतृत्व के तौर-तरीकों पर सवाल खड़े किए हैं। आप, एक समय दिल्ली में वैकल्पिक राजनीति की प्रतीक बनी थी, अब सत्ता के गलियारों में उसी ह्यकेंद्रीकृत नेतृत्वह्न और ह्यअंतरंग घेरेह्न की आलोचना का शिकार हो रही है, जिसके विरोध से उसने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी।हिमानी जैन के बयान, ह्ययह संख्या और बढ़ सकती है,ह्न इस बात की चेतावनी है कि आप में असंतोष अभी थमा नहीं है। यदि, पार्टी नेतृत्व ने भीतर के संवाद को सक्रिय नहीं किया, तो आने वाले समय में और भी पार्षद पार्टी छोड़ सकते हैं या बगावत कर सकते हैं।

यह भी स्पष्ट है कि यह सिर्फ कुछ सीटों की गणित का सवाल नहीं है, बल्कि एक ऐसी चुनौती है, जो पार्टी के बुनियादी ढांचे, नेतृत्व की पारदर्शिता और उसके मूल विचार ह्यजन सेवा की राजनीतिह्न पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का गठन दिल्ली की राजनीति में तीसरे मोर्चे के संभावित उभार को दशार्ता है। अभी तक दिल्ली की राजनीति मुख्य रूप से भाजपा और आप के बीच द्विध्रुवीय रही है। कांग्रेस धीरे-धीरे हाशिये पर चली गई है और अब कश्ढ का आना इस स्थिति को चुनौती देने वाला कदम हो सकता है, खासकर स्थानीय निकायों में, जहां क्षेत्रीय मुद्दों और चेहरों की भूमिका ज्यादा निर्णायक होती है।

यदि, IVP अपने गठन के बाद ठोस नीति एजेंडा और संगठनात्मक ढांचा प्रस्तुत कर पाती है, तो यह नगर निगम की राजनीति को नई दिशा दे सकती है। वहीं, यदि यह केवल एक असंतुष्ट गुट के अस्थायी जमावड़े तक सीमित रही, तो यह प्रयास अल्पकालिक साबित होगा। आम आदमी पार्टी को जो राजनीतिक झटका इन 15 पार्षदों के इस्तीफे से लगा है, वह केवल संख्या का सवाल नहीं, बल्कि पार्टी की भीतरी राजनीति और कार्यशैली पर गहरा संकेत है। यह दशार्ता है कि सत्ता में आने के बाद यदि जनप्रतिनिधियों की आवाज, क्षेत्रीय विकास और संवाद का अभाव होता है, तो एक वैकल्पिक मंच उभर सकता है।

इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का भविष्य भले ही अभी स्पष्ट न हो, लेकिन इसकी उपस्थिति दिल्ली नगर निगम में एक चेतावनी की तरह है कि सत्ता में रहते हुए संवाद, विकास और सहयोग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आप को चाहिए कि वह इस घटनाक्रम से सबक ले और निगम, पार्टी तथा जनता के बीच संतुलन साधे, अन्यथा आने वाले समय में यह असंतोष पार्टी की व्यापक राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। यह सिर्फ एक पार्टी का संकट नहीं, बल्कि दिल्ली जैसे विशाल और जटिल शहरी केंद्र की स्थानीय लोकतंत्र व्यवस्था का भी प्रतिबिंब है, जहां हर पार्षद की भूमिका और अधिकार जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने से जुड़ी होती है। यदि, इस स्तर पर असंतोष उभरता है, तो यह पूरे राजनीतिक तंत्र को झकझोर सकता है।

## प्रतिस्पर्धा

**ललिता टॉक**



उम्र है हमारी अभी खेलने कूदने की
नहीं ये उम्र प्रतिस्पर्धा से जूझने की
हमें खुली हवा सा बहने दो
पंछी की तरह अभी उड़ने दो
उम्र है हमारी अभी खेलने कूदने की
नहीं ये उम्र प्रतिस्पर्धा से जूझने की
जब मजबूत हम हो जाएंगे
तब खुद ही छलांग लगाएंगे
मत बांधो प्रतिस्पर्धा की जंजीरों में
छोड़ दो स्वच्छंद जीने दो हमें
बचपन मत छीनो हमसे
मत थोपो यह प्रतिस्पर्धा का बोझ
हमसे सहन नहीं होता अब ये बोझ
हमारे दिल की भी सुन लो
मत बोझ हम पर इतना डालो
हमें अपने रुचि का नहीं करने देंगे
तो हम कैसे अपना बेस्ट देंगे
होगा हमारी मर्जी का तो देंगे बेस्ट
मानते हैं हर जगह प्रतिस्पर्धा हो रही
चाहे नौकरी हो प्रतियोगिता परीक्षा
आवेदकों की संख्या अधिक हो
उम्र हमारी अभी खेलने कूदने की
नहीं है उम्र प्रतिस्पर्धा से जूझने की
जब समय आएगा हम भी बता देंगे
प्रतिस्पर्धा को आसानी पार करेंगे
जब होगी उम्र हमारी बताएंगे
प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ जाएंगे!
उम्र हमारी अभी खेलने कूदने की
नहीं उम्र प्रतिस्पर्धा से जूझने की!
हमें खुली हवा सा बहने
पंछी की तरह अभी उड़ने दो!

# गद्दारी का जालः देश की सुरक्षा पर मंडराता खतरा

**डॉ सत्यवान सौरभ**





हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पूरे देश में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 करक एजेंटों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अभियान अभी भी जारी है और यह घटनाक्रम देश की आंतरिक सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

कैथल से देवेंद्र सिंह, हिसार से ज्योति मल्होत्रा, दिल्ली से जमशेद, और कैराना से नोमान इलाही को देश के खिलाफ गद्दारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इन चारों ने अपने-अपने तरीकों से देश की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया, जो न केवल कानूनी अपराध है बल्कि नैतिक पतन का प्रतीक भी है।

**देवेंद्र सिंहः ऑपरेशन सिंदूर का विश्वासघात**

कैथल से गिरफ्तार देवेंद्र सिंह पर आरोप है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई संवेदनशील जानकारियाँ करक को दीं। यह व्यक्ति दो साल पहले पाकिस्तान के सिख धार्मिक स्थल 'ननकाना साहिब' की यात्रा पर गया था, जहाँ इसकी मुलाकात करक एजेंटों से हुई। इसके बाद से यह धार्मिक यात्रा की आड़ में बार-बार ननकाना साहिब जाकर गुप्त सूचनाएँ साझा करता रहा। हाल ही में, इसके पास से पंजाब के पठानकोट एयर बेस की खुफिया तस्वीरें भी बरामद की गई हैं, जो इसकी गहरी साजिश का प्रमाण हैं। यह घटना केवल एक व्यक्ति की गद्दारी तक सीमित नहीं है। देवेंद्र सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के समय कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ करक तक पहुंचाई, जिनमें सैन्य ठिकानों की जानकारी और सामरिक योजनाओं के नक्शे शामिल हैं। यह न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन है, बल्कि भारतीय सैनिकों की जान खतरे में डालने वाला कदम भी है। ऐसे में सवाल उठता है कि धार्मिक यात्राओं की आड़ में किस हद तक गुप्तचरी संभव है और इसे कैसे रोका जाए।

**ज्योति मल्होत्राः यूट्यूब के पीछे छिपा विश्वासघात**

हिसार से गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा ने तो गद्दारी की सभी हदें पार कर दीं। करक इसके यूट्यूब पेज के सब्सक्राइबर्स बढ़ाने के लिए पैसे देती थी, ताकि इसे एक बड़ी यूट्यूबर बनाया जा सके। इसके जरिए यह देश में मानसिक युद्ध छेड़ने की योजना बना रही थी, ताकि भारत के युवाओं के दिमाग में जहर घोला जा सके।

ज्योति का यूट्यूब चैनल शुरू में सामान्य कंटेंट से भरा था, लेकिन जल्द ही यह करक के हाथों में एक प्रोपेगेंडा टूल बन गया। इसके चैनल पर धीरे-धीरे भारत विरोधी और सांप्रदायिक कंटेंट बढ़ने लगा, जिससे इसे एक मानसिक युद्ध छेड़ने वाले एजेंट के रूप में तैयार किया गया। करक इसे एक प्रभावशाली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनाने का इरादा रखती थी, जो भविष्य में देश के युवाओं को बरगलाने का काम कर सके।

**जमशेदः सरकारी सेवा में घुसपैठ**

दिल्ली से गिरफ्तार जमशेद एक सरकारी कर्मचारी था, जिसने अपने पद का दुरुपयोग कर संवेदनशील जानकारी दुश्मनों तक पहुँचाई। यह मामला और भी गंभीर इसलिए हो जाता है क्योंकि इसने सरकारी पद का लाभ उठाकर देश की सुरक्षा से समझौता किया।

सरकारी सेवा में होने के बावजूद, जमशेद ने करक से संपर्क बनाए रखा और नियमित रूप से महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करता रहा। इसने कई बार संवेदनशील दस्तावेजों की तस्वीरें खींचकर करक को भेजी, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। सरकारी कर्मचारियों द्वारा ऐसी गद्दारी न केवल विश्वासघात है, बल्कि सरकारी तंत्र की सुरक्षा खामियों की ओर भी इशारा करता है।

**नोमान इलाहीः नफरत का सौदागर**

कैराना से गिरफ्तार नोमान इलाही पर आरोप है कि वह फर्जी खातों के जरिए करक से पैसे प्राप्त करता था। इन पैसों का उपयोग वह कैराना और आसपास के मुस्लिम युवाओं को भड़काने के लिए करता था, जिससे समाज में सांप्रदायिक नफरत का माहौल पैदा हो। इसके नेटवर्क में कुल 5 लोग शामिल थे, जो अब जेल में हैं।

नोमान इलाही ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग करके नफरत फैलाने का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया था। इसके जरिए वह युवाओं के बीच धार्मिक कट्टरता और भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे रहा था। इसके फर्जी खातों के जरिए लाखों रुपये करक से आते थे, जो इसे अपने नफरत के एजेंडे को बढ़ाने में मदद करते थे।

**देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक संकेत**

**हर मुस्कुराहट मासूम नहीं होती**
**इश्क लाहौर से दिल्ली से गद्दारी**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद ठकअ ने देशभर में 25 करक एजेंटों को गिरफ्तार किया है, जो देश की सुरक्षा पर मंडराते खतरे की गंभीरता को उजागर करता है। कैथल से देवेंद्र सिंह, हिसार से ज्योति मल्होत्रा, दिल्ली से जमशेद और कैराना से नोमान इलाही जैसे लोगों ने गद्दारी की सीमाएं लांघते हुए देश की संवेदनशील जानकारियाँ दुश्मनों तक पहुंचाईं। ये मामले केवल कानूनी अपराध नहीं हैं, बल्कि नैतिक पतन और राष्ट्रीय विश्वासघात के भी प्रतीक हैं। धार्मिक यात्राओं से लेकर सोशल मीडिया तक, इन एजेंटों ने देश में विभाजन और अराजकता फैलाने की साजिशें रचीं। ऐसे मामलों से यह स्पष्ट होता है कि राष्ट्र के भीतर छिपे गद्दारों का नेटवर्क न केवल बाहरी खतरों से बड़ा है, बल्कि आंतरिक सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

इन घटनाओं से स्पष्ट है कि देश के भीतर गद्दारों का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय है, जो बाहरी दुश्मनों को अंदर से समर्थन दे रहा है। ये वही लोग हैं जो आतंकियों को अंदर की खबरें मुहैया कराते हैं और देश में आतंक फैलाने में उनकी मदद करते हैं।

**कड़ी सजा की जरूरत**

इन घटनाओं से साफ है कि देश की सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों से ही नहीं, बल्कि आंतरिक सुरक्षा और नागरिक निष्ठा पर भी निर्भर करती है। ऐसे गद्दारों का समय पर बेनकाब होना जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई भी देश के साथ गद्दारी करने की हिम्मत न कर सके। इन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि यह संदेश जाए कि राष्ट्र से विश्वासघात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अपराध न केवल देश की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं, बल्कि समाज की एकता और अखंडता को भी कमजोर करते हैं। जागरूक नागरिक ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव होते हैं, और गद्दारों को कुचलने का संकल्प ही सच्ची देशभक्ति है।

इस स्थिति से निपटने के लिए कठोर कदम उठाने की जरूरत है। ऐसे गद्दारों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। इन पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी देश के साथ गद्दारी करने की हिम्मत न कर सके।

देश की सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों से ही नहीं, बल्कि आंतरिक सुरक्षा और नागरिकों की निष्ठा पर भी निर्भर करती है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम अपने समाज को जागरूक करें और गद्दारों को समय रहते बेनकाब करें।

यह समय है कि देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और किसी भी प्रकार की गद्दारी को सख्ती से कुचला जाए। एक जागरूक और सतर्क समाज ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव है।

# 'सिन्दूरः अब श्रृंगार ही नहीं, शौर्य का प्रतीक'

**प्रियंका सौरभ**






**सिन्दूर, जो कभी सिर्फ वैवाहिक प्रेम का प्रतीक था, आज ऑपरेशन सिंदूर की नायिकाओं वियोमिका और सोफिया की साहसिक कहानियों का प्रतीक बन गया है। ये महिलाएं सिर्फ सजी-धजी मूरतें नहीं, बल्कि अदम्य साहस, बलिदान और नारी शक्ति का जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने न केवल अपने हौसले से दुश्मनों को मात दी, बल्कि यह भी दिखाया कि सिन्दूर का यह लाल रंग नारी के आत्मसम्मान और स्वाभिमान की ज्वाला है। यह सिन्दूर अब केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और शौर्य की अनूठी कहानी है।**

सिन्दूर, जो प्राचीन काल से भारतीय नारी के वैवाहिक जीवन का प्रतीक रहा है, आज एक नए अर्थ में उभर रहा है। यह केवल सुहाग का प्रतीक नहीं, बल्कि नारी शक्ति, साहस और स्वाभिमान का प्रतीक बनता जा रहा है। यह बदलाव केवल एक सांस्कृतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का संकेत है। भारतीय समाज में सिन्दूर का स्थान अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह न केवल पति की लंबी उम्र की कामना है, बल्कि पति-पत्नी के बीच के अटूट बंधन का प्रतीक भी है। लेकिन बदलते समय के साथ, सिन्दूर अब केवल एक पारंपरिक श्रृंगार का हिस्सा नहीं रह गया है। यह आज की नारी की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और साहस का भी प्रतीक बन चुका है।

प्राचीन ग्रंथों में सिन्दूर को सौभाग्य, प्रेम और आस्था का प्रतीक माना गया है। लेकिन जब हम इतिहास के पन्नों में झांकते हैं, तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जहां सिन्दूर केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि शौर्य और बलिदान का प्रतीक भी बना। रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, पद्मावती जैसी वीरांगनाओं ने अपने सिन्दूर की लाज के लिए तलवार उठाई, अपने प्राणों की आहुति दी। ये उदाहरण दिखाते हैं कि सिन्दूर केवल सौंदर्य का नहीं, बल्कि स्वाभिमान और आत्मबल का प्रतीक भी है। आज की नारी भी इसी भावना से ओतप्रोत है। वह केवल एक पत्नी, मां या बहू तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की रीढ़ है। वह हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है - चाहे वह खेल का मैदान हो, युद्ध का मैदान हो, या फिर राजनीति की गूंज। मिताली राज, मेरी कॉम, नीरज चोपड़ा जैसी खिलाड़ियों ने सिन्दूर के प्रतीक को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनकी सफलता की कहानियां हमें यह सिखाती हैं कि सिन्दूर न केवल परिवार का सम्मान है, बल्कि आत्मसम्मान का प्रतीक भी है।

इस भावना को हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भी बल दिया, जिसमें वियोमिका और सोफिया जैसी बहादुर महिलाओं ने अपने साहस और संघर्ष से यह साबित किया कि सिन्दूर केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि अदम्य साहस का प्रतीक है। इन वीरांगनाओं ने न केवल अपने कर्तव्य का निर्वाह किया, बल्कि समाज की धारणाओं को भी चुनौती दी। यह परिवर्तन केवल महिलाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर कोने में महसूस किया जा रहा है। सिन्दूर अब केवल पवित्रता का नहीं, बल्कि प्रतिरोध का प्रतीक भी है। यह उन महिलाओं की आवाज है जो अन्याय के खिलाफ उठ खड़ी होती हैं, अपने हक के लिए लड़ती हैं, और समाज की बंधी-बंधाई धारणाओं को तोड़ती हैं।

यह बदलाव फिल्मों और साहित्य में भी साफ दिखाई देता है। जैसे कि फिल्म 'मणिकर्णिका' में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का सिन्दूर केवल श्रृंगार का नहीं, बल्कि स्वाभिमान और संघर्ष का प्रतीक है। इसी तरह, कई वेब सीरीज और कहानियां भी सिन्दूर को एक नई परिभाषा दे रही हैं। समाज का यह नया दृष्टिकोण नारी के प्रति उसकी बदलती सोच का प्रतीक है। अब सिन्दूर केवल विवाह का प्रतीक नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक बन गया है। यह उस नारी का प्रतीक है जो किसी भी परिस्थिति में न झुकने का संकल्प लेती है, जो अपने आत्मसम्मान के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

संक्षेप में कहें तो, सिन्दूर अब केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि शौर्य का प्रतीक है। यह हर उस नारी का प्रतिनिधित्व करता है जो खुद को परिभाषित करने में सक्षम है, जो किसी भी बंधन को तोड़कर अपनी पहचान बना रही है। यह बदलाव हमारे समाज की सोच में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन का सूचक है। यह केवल एक परंपरा का नहीं, बल्कि एक पूरे विचारधारा का पुनर्जागरण है। आज की नारी सिन्दूर को केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि अपने संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक मानती है। यह उसकी शक्ति, संकल्प और आत्मसम्मान का प्रमाण है।

सिन्दूर, जो एक समय केवल वैवाहिक बंधन का प्रतीक था, आज नारी की आत्मशक्ति, संघर्ष और साहस का प्रतीक बन चुका है। यह उन महिलाओं का प्रतिनिधित्व करता है जिन्होंने अपने सपनों को पंख दिए और समाज की पुरानी धारणाओं को तोड़ा। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक संकल्प है - खुद को परिभाषित करने का, अपने आत्मसम्मान के लिए लड़ने का, और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का। यह उन वीरांगनाओं का प्रतीक है जिन्होंने इतिहास को अपने खून से लिखा और उन आधुनिक नारियों का प्रतीक है जो हर चुनौती को आत्मविश्वास से स्वीकारती हैं। सिन्दूर अब केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि नारीत्व का महाकाव्य है - संघर्ष, स्वाभिमान और शौर्य का प्रतीक।

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**



**मेष :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।शुभांक-3-5-7

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।शुभांक-2-4-6

**मिथुन :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।शुभांक-2-5-8

**कर्क :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अतःवाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।शुभांक-1-5-8

**सिंह :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।शुभांक-2-5-7

**कन्या :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।शुभांक-2-6-8

**तुला :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।शुभांक-3-6-9

**धनु :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।शुभांक-3-5-7

**मकर :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। धार्मिक यात्रा शुभ है।शुभांक-3-5-8

**कुंभ :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगें।शुभांक-3-6-9

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।शुभांक-2-4-8

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# पोटका प्रखंड के कुलडीहा पंचायत में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे और फर्जी दस्तावेजों से मकान बनाने का मामला ने पकड़ा तूल

## सुंदर के नाम से बसा सुंदरनगर की भी है अजब कहानी, सरकारी जमीन पर बन रहे हैं मकान अधिकारी से लेकर भूमाफिया तक है शामिल?

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पोटका प्रखंड के कुलडीहा पंचायत में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे और फर्जी दस्तावेजों से मकान बनाने का मामला तूल पकड़ चुका है। झारखंड भूदान यज्ञ कमेटी के नाम पर फर्जी कागजात तैयार कर बांटने वाला एक संगठित गिरोह सक्रिय है। सूत्रों के अनुसार, इस गिरोह का नेटवर्क चाईबासा तक फैला है। मोटी रकम लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं।

पोटका प्रखंड के कलिकापुर में फर्जी कागजात बना रहे हैं जिसमें एक से डेढ़ लाख रुपया तक की लेनदेन हो रही है यह मामले को सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मुर्मू के द्वारा जिला के उपायुक्त से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की।

अब तक 75 लोगों पर जेपीएलई एक्ट के तहत केस दर्ज हो चुका है। इनमें से कई ने अंचल कार्यालय में भूदान यज्ञ कमेटी के दस्तावेज जमा किए हैं। सीओ निकिता बाला ने इन दस्तावेजों की जांच के लिए वरीय अधिकारियों को पत्र लिखा है। लेकिन अब तक कोई जांच रिपोर्ट नहीं आई है।



कुछ दिन पहले सीओ निकिता बाला ने सरकारी जमीन पर बने शिशिर पात्रों के घर को गिरा दिया था। अब शिशिर पात्रों कोर्ट की शरण में हैं।

अब तक किसी भी आरोपी ने दस्तावेज बेचने वालों या भू-माफिया का नाम नहीं बताया है। लोग खुद पर केस झेल रहे हैं, लेकिन विक्रेताओं का नाम उजागर नहीं कर रहे। इससे गिरोह अब भी सक्रिय है और सरकारी जमीन बेचने का काम बेरोकटोक जारी है।

शिशिर पात्रों के साथ रमेश दास को भी 2 जनवरी को नोटिस दिया गया था।

उन्होंने सरकारी जमीन पर बड़ा दुकान खोल लिया है। उन्हें 15 दिन में जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन उन्होंने भी भूदान यज्ञ कमेटी का दस्तावेज जमा कर दिया। अब जांच लंबित है और कार्रवाई नहीं हो पाई है।

सूत्रों के अनुसार, कुलडीहा पंचायत में सबसे ज्यादा सरकारी जमीन पर कब्जा हुआ है। भू-माफिया ने यहां जमीन बेचकर करोड़ों की कमाई की है। अब वही जमीन खरीदारों के लिए मुसीबत बन गई है।

शिशिर पात्रों का घर गिराए जाने के बाद सरकारी जमीन पर बसे अन्य लोगों में डर का माहौल है। अब वे भी फर्जी दस्तावेज बनवाकर खुद को बचाने की कोशिश में लगे हैं। प्रशासन की सख्ती जरूरी हो गई है।

# तिरिंग गांव में छऊ नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन, पारंपरिक कला को बढ़ावा देने की पहल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**छऊ नृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान, कलाकारों को हर संभव सहयोग मिलेगा: संजीव सरदार**



पोटका विधानसभा क्षेत्र के जुड़ी पंचायत अंतर्गत तिरिंग गांव में श्री श्री सार्वजनिन शिव पूजा कमेटी के तत्वावधान में रविवार की रात छऊ नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरायकेला-खरसांवा के मारांगाहातु और आरंबा के छऊ नृत्य दलों ने शानदार छऊ प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार ने किया।

विधायक श्री सरदार ने अपने संबोधन में कहा कि छऊ नृत्य झारखंड की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जो न केवल राज्य बल्कि देश और विश्व में भी अपनी पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पारंपरिक कला और संस्कृति को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कलाकारों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपनी कला को जीवित रख सकें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त समाज का निर्माण करता है।

इस अवसर पर पोटका की उप-प्रमुख उर्मिला सामाद, ग्राम प्रधान मंजु सरदार समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय सरदार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में शुरू सरदार, रोहिन सरदार, सचिन सरदार, रतन सरदार, फुदेन सरदार, सुभाष सरदार, सनातन सरदार, राहुल सरदार, श्याम सरदार और सागर सरदार सहित अन्य ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

# चक्रधरपुर के वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में 42वां पंचहनिका ब्रह्मोत्सव शुरू, आज से होगा सुदर्शन होमम

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना



चक्रधरपुर के पांच मोड़ में स्थित प्रसिद्ध भगवान वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में सोमवार की शाम को विधिवत मंत्रोच्चार के साथ 42वां पंचहनिका ब्रह्मोत्सव का शुभारंभ किया गया है। पंचाहनिका वार्षिक ब्रह्मोत्सव 23 मई तक आयोजित होगा। 20 मई की सुबह साढ़े नौ बजे सुदर्शन होमम और शाम साढ़े सात बजे सहस्त्र दीप अलंकार होगा। ब्रह्मोत्सव के शुभारंभ में डीआरएम तरुण हुरिया अपने धर्मपत्नी संग बालाजी मंदिर पहुंचे। जहां पर पंडितों ने मंत्रोच्चार से स्वागत किए। तत्पश्चात डीआरएम बालाजी भगवान का दर्शन किए तथा पूजा में बैठे। जहां पर पंडितों ने मंत्रोच्चार कर पूजा किया और संकल्प दिलाया।

ब्रह्मोत्सव में दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलगांना, तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न शहरों से भगवान बालाजी के भक्त चक्रधरपुर पहुंचेंगे। तिरुपति से आए पुजारियों का दल पूजा अनुष्ठान को पारंपरिक रुप से वैदिक मंत्रोच्चारण से साथ संपन्न कराएंगे। इसके अलावा तिरुपति से आए रसोईया द्वारा भगवान बालाजी का भोग और प्रसाद बनाएंगे। आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष केकेटी राव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस साल भी धूम-धाम से भगवान बालाजी का ब्रह्मोत्सव मनाया जाएगा। इसमें चक्रधरपुर और चाईबासा सहित देश के कोने-कोने से भगवान बालाजी के भक्त पहुंचेंगे। बता दें कि चक्रधरपुर बालाजी मंदिर में हर साल यह आयोजन होता है। इस मंदिर से लोगों की गहरी आस्था है। जो लोग तिरुपति नहीं जा पाते उन्हें इस मंदिर में पूजा अर्चना कर काफी सुखद अनुभव होता है। कई श्रद्धालुओं की मन्नतें भी इस मंदिर से पूरी हुई है जिसके कारण इस मंदिर से श्रद्धालुओं का काफी लगाव है। चक्रधरपुर से बाहर बसे लोग भी इस खास आयोजन में साल में एक बार शामिल होने जरुर आते हैं।

# यूसीआईएल के पूर्व कर्मचारी और विस्थापित मंगल सोरेन ने प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

राष्ट्र संवाद संवाददाता



यूसीआईएल के पूर्व कर्मचारी और विस्थापित मंगल सोरेन ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता कर उन्होंने कहा कि वह आदिवासी और गरीब परिवार से हैं। ऊंची पकड़ नहीं होने के कारण उन्हें यूसीआईएल से निकाला गया। वर्ष 2018 में प्रबंधन ने उन पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर नौकरी से हटा दिया। आरोप था कि उन्होंने किसी कर्मचारी से मारपीट की और प्रबंधन के खिलाफ काम किया। मंगल सोरेन ने सवाल उठाया कि अगर उन्होंने किसी को मारा था तो पुलिस में शिकायत क्यों नहीं की गई।

उन्होंने बताया कि कुछ अधिकारियों ने आपस में कमेटी बनाकर जांच की और रिपोर्ट के आधार पर उन्हें नौकरी से निकाल दिया। उस समय उनका कोई राजनीतिक या प्रशासनिक संपर्क नहीं था। इसलिए उन्हें आसानी से बाहर कर दिया गया। पिछले 5-6 साल से वह किसी तरह परिवार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने उनके बच्चों को भी स्कूल से निकाल दिया। उनकी बेटी को पढ़ाई से वंचित कर दिया गया। स्कूल से ट्रांसफर सर्टिफिकेट भी नहीं दिया गया, जिससे वह किसी और स्कूल में दाखिला नहीं ले सकीं।

मंगल सोरेन ने कहा कि मामला न्यायालय में लंबित है। अभी तक उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है। उन्होंने सवाल किया कि जब तक फैसला नहीं आता, तब तक उनकी बेटी को शिक्षा से क्यों रोका जा रहा है। बेटी की उम्र बढ़ रही है, लेकिन वह घर में बैठी है। अगर वह केस जीतते हैं तो उन्हें मुआवजा मिलेगा, लेकिन शिक्षा का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कौन करेगा।

उन्होंने यूसीआईएल में ऊंची पैरवी रखने वाले गोपीनाथ दास का भी जिक्र किया। कहा कि गोपीनाथ दास पर ओवर टाइम और यात्रा 56 लाख के घोटाले का आरोप था। सीआईडी और सीबीआई ने जांच की। उन्हें जेल भी जाना पड़ा। फिर भी उन्हें दोबारा नौकरी पर रख लिया गया। क्योंकि उनके भाई ऊंचे पद पर हैं और बड़े अधिकारियों से संबंध हैं। मंगल सोरेन ने कहा कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है, न ही पुलिस में शिकायत हुई। फिर भी उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हालात नहीं बदले तो वह परिवार सहित आत्मदाह कर सकते हैं।

## वन्दे भारत का डब्बा - पहिया फैक्ट्री स्थापना से पूर्व चतराडोबा में ग्रामसभा आज

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड के कोकपाड़ा रेलवे स्टेशन के पास वंदे भारत ट्रेन की डिब्बे एवं चक्का बनाने के फैक्ट्री लगाने के चिन्हित चातराडोवा गांव में ग्राम सभा की बैठक 20 मई को होगी। इसके लेकर फैक्ट्री लगाने वाली कंपनी वोल्टाक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने ग्राम प्रधान खोगेद्र नाथ नायक को पत्र भेजा है। इस सम्बन्ध ने पारंपरिक ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष ने जानकारी दी है। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष अरुण बारिक ने बताया है कि वोल्टाक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड के एडवाइजर विष्णु गर्ग पत्र में कहा है कि वंदे भारत ट्रेन की डिब्बे एवं चक्का बनाने के लिए कालियाम, गोदराशोल, चातराडोवा, जोड़ियां एवं आंधारिया गांव को चिन्हित किया गया है। पहले चरण में कालियाम, गोदराशोल एवं चातराडोवा मोजा में कार्य शुरू किया जाएगा। इस सम्बन्ध में फैक्ट्री लगाने के कार्य में सहयोग कर रहे पारंपरिक ग्राम संघ के अध्यक्ष अरुण बारिक ने बताया कि कंपनी प्रबंधन ने फैक्ट्री लगाने के पहले स्थानीय लोगों से सर्वसम्मति से राय लेना चाहती है । इसके लिए चिन्हित मौजा के ग्राम प्रधान से ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर विचार विमर्श के बाद उद्योग स्थापित के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सहमति देने का अनुरोध किया है। इस पहल के पहली ग्राम सभा की बैठक कालियाम गांव में दिनांक 12 मई को कालियाम गांव हो चुकी है। इसमें ग्रामीणों ने उद्योग स्थापित हेतु सहमति दे दी है। आगामी 20 मई को सोनाहातु पंचायत के चातराडोवा गांव में ग्राम सभा की बैठक होगी । इसको लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखी जा रही है।

# मऊभंडार आईसीसी प्लांट का दौरा कर डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी मेकॉन को

राष्ट्र संवाद संवाददाता

एचसीएल की मऊभंडार स्थित इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स (आईसीसी) स्मेल्टर प्लांट को नए सिरे से दोबारा चालू करने को लेकर स्थानीय सांसद विद्युतवरण महतो लगातार प्रयासरत है। सांसद के प्रयास का रंग अब दिखने लगा है। सांसद विद्युतवरण महतो की मांग पर ही एचसीएल मऊभंडार प्लांट का मेसर्स मेकॉन से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनवाने को सहमत हो गई है। मेसर्स मेकॉन की एक टीम इसी माह के अंतिम सप्ताह मऊभण्डार प्लांट का निरीक्षण करेगी। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के सीएमडी संजीव कुमार सिंह ने इस संबंध में सांसद विद्युतवरण महतो को पत्र लिखकर जानकारी दिया है। सीएमडी ने सांसद के द्वारा बीते दिनों डीपीआर के लिए लिखें गए पत्र का हवाला देते हुए बताया की मेसर्स मेकॉन के साथ प्रारंभिक बातचीत शुरू हो गई है। मऊभण्डार प्लांट के डीपीआर के प्रस्तावित कार्य पर मेसर्स मेकॉन ने भी इच्छा जाहिर किया है। हालांकि, बजटीय अनुमान जमा करने से पूर्व प्लांट स्थल का दौरा करने की इच्छा प्रकट किया है। सीएमडी ने बताया की मई माह के अंतिम सप्ताह में मेकॉन की टीम मऊभंडार प्लांट का दौरा कर सकती है। सीएमडी ने सांसद को यह भी स्पष्ट किया की मऊभण्डार प्लांट में अन्य घरेलू ताम्र स्मेल्टिंग प्लांट की तुलना में उत्पादन क्षमता भी काफी कम है। वर्ष 2019 में बंद होने से पहले यह प्लांट घाटे में चल रहा था। यही नहीं, तब से तांबा बाजार की गतिशीलता में भी बदलाव आया है। ट्रीटमेंट चार्ज और रिफाइनिंग चार्ज (उपचार व शोधन शुल्क) नकारात्मक रहे है, जिससे वैश्विक स्तर पर बड़े पैमाने के स्मेल्टर प्लांट के लिए भी लाभ मार्जिन कम हो गया है। इसके अतिरिक्त, आईसीसी में एमआईसी उत्पादन मऊभण्डार प्लांट के परिचालन को बनाए रखने के लिए अपर्याप्त है। मऊभंडार प्लांट को फिर से चालू करने के लिए पर्याप्त निवेश की आवश्यकता होगी, जो एचसीएल की माइंस एक्सटेंशन की अधिक रणनीतिक प्राथमिकता से महत्वपूर्ण संसाधनों को हटा देगा। इसके बाद भी, सीएमडी ने सांसद को भरोसा दिलाया की आपके सुझाव को ध्यान में रखते हुए एक सटीक निर्णय लेने के लिए मऊभंडार प्लांट का डीपीआर (व्यवहार्ता अध्ययन) मेसर्स मेकॉन के माध्यम से तैयार कराएंगे।



सांसद ने सीएमडी के प्रति जताया आभार, कहा-उम्मीद है की आपके कुशल नेतृत्व में मऊभंडार प्लांट में उत्पादन शुरू होगा और आईसीसी सबसे लाभकारी यूनिट भी बनेगी

एचसीएल के सीएमडी संजीव कुमार सिंह के द्वारा मऊभंडार प्लांट का डीपीआर बनवाने पर सहमति देने तथा इसी माह मेसर्स मेकॉन की टीम का मऊभंडार दौरा कराने पर सांसद विद्युतवरण महतो ने खुशी जाहिर किया है। सांसद ने सीएमडी को पत्र लिखकर उनके सुझाव पर गंभीरता पूर्वक अमल करने पर आभार प्रकट किया। साथ ही एचसीएल की पूरी टीम को अपने और क्षेत्र की जनता की ओर से भी धन्यवाद दिया है। सांसद ने कहा की उन्हें पूरी उम्मीद है की सीएमडी संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में मऊभंडार प्लांट का ना सिर्फ डीपीआर तैयार होगा बल्कि प्लांट में उत्पादन भी शुरू होगा। साथ ही आईसीसी इकाई एचसीएल की अन्य इकाईयों के तुलना में बेहतर वित्तीय परिणाम भी हासिल करेगी। मेसर्स मेकॉन के दौरे को लेकर स्थानीय लोग और ताम्र मजदूरों के बीच भी उत्साह व्याप्त हैं।

# चौथी बार संसद रत्न से सम्मानित होंगे सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर कार्यालय में कार्यकताओं ने किया स्वागत

राष्ट्र संवाद संवाददाता




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो को एक बार फिर प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चयनित किया गया है। यह चौथा अवसर है जब उन्हें यह सम्मान प्राप्त हो रहा है। उनके चयन की घोषणा के बाद जमशेदपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह व्याप्त है। इस उपलब्धि पर सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सांसद विद्युत वरण महतो का महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष, जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों व अन्य कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान लौहनगरी की जनता के समर्थन, आशीर्वाद और भाजपा कार्यकताओं की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने यह पुरस्कार जमशेदपुरवासियों को समर्पित किया और आश्वस्त किया कि वे आगे भी जनहित के कार्यों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ लगे रहेंगे।

महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि सांसद विद्युत महतो को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना जमशेदपुर के लिए गर्व और सम्मान की बात है।

## दक्षिण घाघीडीह पंचायत मंडप का हुआ उद्घाटन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



पोटका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जमशेदपुर प्रखंड स्थित दक्षिण घाघीडीह ग्राम पंचायत में नवनिर्मित पंचायत मंडप का विधिवत उद्घाटन सोमवार को पोटका के विधायक संजीव सरदार ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति इस विकास कार्य को लेकर स्थानीय उत्साह को दर्शा रही थी। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ‌पंचायत भवन जैसी आधारभूत सुविधाएं गांवों के प्रशासनिक सशक्तिकरण के साथ-साथ जनसेवा में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आने वाले समय में अन्य पंचायतों में भी ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## सार-संक्षेप

### यातायात पुलिस के खिलाफ जनता से मिले जनमत के बाद जिले के जनप्रतिनिधि संग करेंगी संवाद :कन्हैया सिंह

राष्ट्र संवाद संवाददाता



आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की आजसू पार्टी के प्रथम चरण मे बिभिन्न चौक पर जनता के साथ लगभग 14 हजार 6 सौ 80 हस्ताक्षर पत्र पर हस्ताक्षर युक्त जनमत प्राप्त कर यह साबित हो गया हैं की आजसू का आंदोलन जनता के हित मे लिया फैसला हैं, कन्हैया सिंह ने कहा की आजसू पार्टी के प्रथम चरण के आंदोलन के बाद द्वितीय चरण के आंदोलन मे जनप्रतिनिधि जैसे स्थानीय सांसद, विधायक, जिला पार्सद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, मुखिया सरपंच के साथ साथ बिभिन्न समाजिक संगठनों के साथ समाज के प्रबुद्ध जनो से भी समर्थन प्राप्त कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापण सौपने का कार्य आजसू पार्टी करेगी, दूसरे चरण की आंदोलन की शुरूआत भी गुरुबार से किया जायेगा और जून के प्रथम चरण मे मुख्यमंत्री को यातायात पुलिस का जनता के साथ किये जा रहे आमनवीय व्यवहार से अवगत कराएगी

### बहरागोड़ा के बिलदुबराजपुर गाँव में अष्टम प्रहार हरि नाम संकीर्तन का शुभारांभ

राष्ट्र संवाद संवाददाता



बहरागोड़ा प्रखण्ड के बनकाटा पंचायत अतंर्गत बिलदुबराजपुर गाँव में हरिनाम संकीर्तन कमेटी द्वारा आयोजित अष्टम प्रहार व्यापी अखंड हरी नाम संकीर्तन का शुभारंभ सोमबार से हुआ. पुजारी ने विधि विधान के साथ पूजा किए. पूजा में गांव के लोग पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की. कीर्तन एवं संगीत के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की प्रस्तुति देकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया और भक्त झूमने पर मजबूर हो गये। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लिए और कीर्तन का आनंद लेते रहे।

अखंड हरिनाम संकीर्तन के आयोजन से गांवों में भक्ति का माहौल बना हुआ है। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया. 20 मई को दधी महोत्सव के साथ हरि नाम संकीर्तन का समापन होगा. इस हरि नाम संकीर्तन को सफल बनाने में गांव के अकाश कुण्डु, समीर गिरि,विश्वजीत गिरि,अनिमेष साव,अचिंत कुण्डु,प्रबीर कुण्डु आदि जुटे हुए हैं.

### दर्दनाक हादसे में एलपीटी टैंकर की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**आदित्यपुरः** थाना अंतर्गत टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग पर डीवीसी मोड़ पर एक दर्दनाक हादसे में एलपीटी टैंकर की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद सड़क पर अफरा- तफरी मच गई. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर जांच में जुट गई है. मृतक की पहचान आदित्यपुर भाटिया बस्ती निवासी राज गोपाल मंडल के रूप में हुई है.

मिली जानकारी के अनुसार कांड्रा की ओर जा रहे टैंकर ने सुधा डेयरी मोड़ के समीप लगे ट्रैफिक सिग्नल को पार करने के चक्कर में टैंकर चालक तेजी से भागने लगा इसी दौरान शनि मंदिर की ओर जा रहा बाईक सवार टैंकर के पिछले चक्के की चपेट में आ गया और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद टैंकर चालक मौके से भागने में सफल रहा.

### यूसिल में सुविधाओं में कटौती के खिलाफ यूरेनियम कामगार यूनियन का आज आयोजित एक दिवसीय धरना वापस

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : कल मंगवार यानी 20 मई को केंद्र सरकार द्वारा श्रम कानूनों बदलाव के खिलाफ पूरे देश भर के ट्रेड यूनियनों द्वारा आयोजित हड़ताल के समर्थन में यूसिल की मान्यता प्राप्त श्रमिक संघटन यूरेनियम कामगार यूनियन ने भी अस्पताल चौक के समक्ष आयोजित एक दिवसीय वापस ले ली गई है। धरना वापस लिए जाने का निर्णय केंद्रीय नेताओं के निर्देश के बाद यूसिल के मजदूर नेता राजा राम सिंह ने उक्त फैसला लिया। यहां बताते चले कि यूसिल में लगातार मजदूरों की सुविधाओं में लगातार कटौती हो रही है। मसलन कंपनी अस्पताल में गुणवत्ता युक्त दवा का अभाव, कंपनी क्वार्टरों की जर्जर हालत,मरम्मती का इंतजार, कंपनी कैंटीन बार_ बार ठप पड़ना अशुद्ध पानी को आपूर्ति इन तमाम मुद्दों को लेकर कल मंगलवार यानि 20 मई को एक दिवसीय धरना का फैसला लिया था, जिसे वापस ले लिया गया।

### धीराजगंज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड दो स्थित धीराजगंज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रो से कुल 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मानिक स्पोर्टिंग और मनोहरपुर स्पोर्टिंग के बीच खेला गया जिसमें मानिक स्पोर्टिंग की टीम विजेता बनी। इसके अलावा तृतीय स्थान पर बाजीगर टीम और चौथे स्थान पर एनसीए की टीम रही। इस सभी टीमों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके आयोजन में मधुसूदन मुखी, उत्तम पात्रो, अभिजीत महतो, विमल मुखी, आलोक सिंह, गौतम, देवाशीष महतो, आंचल सिंह, विक्की मुखी, सूरज सरदार, कृष्णा दहल आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### भारतीय सेना के सम्मान में 25 मई को हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत में रक्त दान शिविर

राष्ट्र संवाद संवाददाता




**पोटका।** पहलगांव हमले में मृतकों के सिंदूर की लाज रखने वाले देश के शौर्य भारतीय सेना के सम्मान में आगामी 25 मई को हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत भवन में रक्त दान शिविर का आयोजन रखा गया है। इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया देवी कुमारी भूमिज ने दी है। श्री मति भूमिज ने लोगों से अपील किया है कि उक्त तिथि को रक्त दान में शामिल होकर एक ओर आप पुण्य का भागी बने वही दूसरी ओर भारतीय सेना के सम्मान को बढ़ाए।

# बहराइच में टूटी सदियों पुरानी परंपरा, सालार मसूद गाजी की दरगाह पर नहीं लगा मेला; चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस



**बहराइच,एजेंसी।** जेठ की सदियों पुरानी परंपरा इस बार बदली दिखी। जिस रोड पर मेले की पहली चौथी को तिल रखने की जगह नहीं रहती थी। आज वहां वाहन फर्राटे भर रहे थे। जानकारों का कहना है कि मेले की पहली चौथी को चार से पांच लाख की भीड़ होती थी, वहां आज बमुश्किल पांच से आठ हजार के आसपास लोग मेला परिसर में छिटके नजर आ रहे हैं।बताया जाता है कि 11वीं शताब्दी में हुए इस युद्ध के बाद 14वीं शताब्दी में फिरोजशाह तुगलक ने यहां किलेनुमा दीवार बनवाकर इसे दरगाह का रूप दे दिया। उसके बाद से यहां मेलार्थियों के आने का सिलसिला तेज हो गया। समय बीतता गया जायरीन की संख्या दिन दूनी रात चौगुनी होती गई। जायरीन की बढ़ती भीड़ को देखते हुए इसे धार्मिक स्थल के साथ बड़ा व्यापारिक केंद्र भी माना जाने लगा। जेठ माह की चारों चौथी के बाद जब यहां सिक्कों तथा नोटों की गिनती शुरू होती थी तो करोड़ों की नकदी का चढ़ावा और भारी तादाद में सोना-चांदी के जेवरात की कमाई होती थी। दुकानों के ठेके से करोड़ों की कमाई होती थी। यही कारण रहा कि बड़े ओहदेदार इस स्थल की प्रबंध समिति में जगह पाने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते थे।

**मुस्लिम से कई गुना अधिक आते थे हिंदू मेलार्थी:** सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर मुस्लिमों की अपेक्षा हिंदू मेलार्थी अधिक आते थे। सभी की अपनी-अपनी समस्याएं होती थीं। किसी को संतान न होने की समस्या तो किसी को मानसिक व शारीरिक बीमारी से राहत मिलने की उम्मीद रहती थी। इतना जरूर था कि मुस्लिम जायरीन जहां सिन्नी इत्यादि चढ़ाते थे वहीं हिंदू मेलार्थी त्रिशूल और लाल कपड़े में लिपटा नारियल लेकर आते थे।

**नहीं आई बरात, त्रिशूल व निशान के बिना आए जायरीन:** सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर लगने वाले जेठ मेले में पहली बरात रविवार को आनी थी। जायरीन तो आए, लेकिन बिना बरात, त्रिशूल व निशान के। गोला तमाशा भी नहीं दगा, कव्वाली भी नहीं हुई। जयरीन ने सादगी के साथ जियारत कर रस्म अदायगी की। कोविड के बाद यह पहला अवसर है जब बिना बरात के जायरीन आए हों। गाजी की दरगाह पर परंपरा अनुसार हर वर्ष जेठ माह के प्रत्येक रविवार को जायरीन बरात लेकर आते थे। यह बरात बिना दूल्हे की होती थी, लेकिन गाजे-बाजे के साथ पूरा दहेज का सामान होता था। इसमें सौ से डेढ़ सौ तक जायरीन होते थे। पूरा हुजूम नाचते हुए दरगाह पहुंचता था। वहां निशान गाड़ देते थे। इसके साथ त्रिशूल जिस पर लाल कपड़ा लपेटा जाता था, वह भी जहां यह बरात रुकती थी वहां गाड़ा जाता था। इसके बाद पूरी रात जश्न का माहौल रहता था। जगह-जगह कव्वाली व गोला दगाया जाता था। पूरे दरगाह क्षेत्र में करीब पांच लाख लोग रहकर अपनी जियारत करते थे। लेकिन इस वर्ष हाईकोर्ट के आदेश के बाद पहली बार बिना बरात, निशान व त्रिशूल के लोग आए। कहीं-कहीं पर कव्वालों ने कव्वाली गाने का प्रयास किया तो पुलिस ने भीड़ एकत्र करने से मना कर दिया। स्थिति यह रही की जहां पहले दरगाह में पहली चौथी (रविवार) को लाखों की संख्या में रहते थे। वहां 10 से 12 हजार लोग ही जियारत के लिए आए।

**रात रुकने की नहीं इजाजत** दरगाह में रात रुकने की इजाजत नहीं है। पुलिस इस बात को लेकर सतर्क है कि कहीं भी भीड़ एकत्र न हो ताकि भगदड़ की स्थिति न बनने पाए। इसके लिए मेला परिसर में करीब डेढ़ हजार से अधिक पुलिस बल तैनात है।

**जंजीरी गेट से हो रहा प्रवेश** दरगाह के अंदर जाने के लिए वैसे तो कई रास्ते हैं, लेकिन ज्यादातर जायरीन जंजीरी गेट से ही अंदर जा रहे हैं। यहां कोई भगदड़ न हो। इसके लिए भारी संख्या में गेट पर पुलिस तैनात है।

**सांसद ने की जियारत:** श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने रविवार को दरगाह पहुंचकर जियारत की। इस मौके पर उनके साथ सपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने दरगाह को आस्था का केंद्र बताया।

**सीमित संख्या में आएं जायरीन:** हाईकोर्ट के आदेश पर दरगाह में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जायरीनों को आने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन वह सीमित संख्या में आएं। भीड़ का हिस्सा न बनें। -रामानंद कुशवाहा एएसपी नगर अदोनों पक्षों के बीच भीषण संघर्ष 10 मई तक जारी रहा, जिसके बाद दोनों पक्ष संघर्ष विराम पर सहमत हुए, जिसके परिणामस्वरूप 28 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर पुंछ जिले में थे।

## 18 मई की सीजफायर खत्म होने की चर्चा अफवाह; भारत-पाक संघर्ष विराम रहेगा बरकरार, सेना ने किया साफ



**जम्मू,एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ संघर्ष विराम आगे भी जारी रहेगा। इसके खत्म होने की कोई तारीख तय नहीं है। सेना ने सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर विराम लगा दिया है।जम्मू में सेना के प्रवक्ता ने बताया कि बड़े स्तर पर यह भी जानकारी मांगी जा रही थी कि रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत होनी है। वह स्पष्ट कर दें कि ऐसी कोई बैठक नहीं होनी है।

**सीजफायर समझौते की वैधता बनी रहेगी जब तक नई चर्चा न हो:** सेना ने कहा कि रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत तय नहीं है। 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत में जो सीजफायर पर सहमति बनी थी, उसकी कोई आखिरी तारीख तय नहीं की गई है। यह समझौता तब तक लागू रहेगा, जब तक दोनों देशों में कोई नई बात नहीं होती।

**सोशल मीडिया पर भ्रम फैलने से बढ़ी चिंता:** बता दें कि सोशल मीडिया से लेकर अन्य जगहों पर चर्चाओं का जोर था। कहा जा रहा था कि 18 मई को सीजफायर खत्म हो जाएगा। इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। लोग भी सहमे हुए थे। अब सेना ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सीजफायर आगे भी जारी रहेगा।

**सीमावर्ती इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों की सक्रिय निगरानी:** सेना के अफसर लगातार कर रहे बॉर्डर का दौरासीजफायर के बाद सेना, पुलिस और बीएसएफ के अफसर लगातार सीमावर्ती इलाकों का दौरा कर रहे हैं। सीमाओं की अग्रिम चौकियों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, अब सीमा से सेना की मौजूदगी धीरे-धीरे कम की जाएगी। इसकी कवायद शुरू हो गई है। इसी संदर्भ में अधिकारी लगातार दौरा कर रहे हैं, ताकि हालात को आंका जा सके। डीजीपी जम्मू-कश्मीर नलिन प्रभात और सेनाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा का दौरा कर स्थिति को जांच चुके हैं।

## भूविस्थापितों को बसावट का कराया निरीक्षण कुसमुंडा जीएम,भूविस्थापितों में खुशी की लहर

**राष्ट्र संवाद कमाल अहमद**

**ग्राम खमरिया बसावट क्षेत्र में सड़क,बिजली, पानी और नाली का कार्य शुरू**

**कोरबा:-** ग्राम खोडरी को बसावट मिलने से लोगों में खुशी देखने को मिली। एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक सचिन तानाजी पाटील की अगुवाई में एसईसीएल के अधिकृत ग्राम खोडरी गांव के प्रमुख व्यक्तियों को ग्राम खमरिया बसावट का निरीक्षण कराया। सभी लोगों द्वारा बसावट स्थल को पसंद किया आया साथ ही कुछ सुझाव भी दिए जिसे कुसमुंडा महाप्रबंधक के द्वारा खुशी खुशी स्वीकार कर यथासंभव कार्यों को करने के लिए सहमति भी बनी गई,खमरिया बसावट को देखकर सभी लोगों ने बहुत खुशी जाहिर कि। इस दौरान भू राजस्व अधिकारी जी आर भास्कर, के एस चौहान, बसावट प्रभारी उज्ज्वला बनर्जी, सिविल विभाग एवं कार्य से संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक कुसमुंडा द्वारा सभी ठेकेदारों एवं सिविल विभाग के लोगों को निर्देश दिया की कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता में विशेष ध्यान दें जिससे खदान प्रभावितों को जल्द से जल्द ग्राम खमरिया में बसावट मिल सके।

आपको बता दे बीते कई वर्षों से ग्राम खमरिया की अधिग्रहित जमीन के लिए कुसमुंडा प्रबंधन जद्दोजहद कर रही थी। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद प्रबंधन और ग्रामीणों में आपसी तालमेल हुआ । इसके बाद बड़े भूभाग को चिन्हांकित कर इस पर फिर से कब्जा लिया गया। जिसके बाद यहां खदान प्रभावित ग्रामीणों को बसावट देने के तैयारी शुरू कर दी गई। अभी इस बसावट क्षेत्र में सड़क बिजली, पानी और नाली इत्यादि का निर्माण कार्य चल रहा है। आपको बता दें ग्राम खमरिया में कुसमुंडा खदान प्रभावित ग्राम खोडरी के लोगों को बसावट देना है जिस पर तेजी से काम चल रहा है इसी कड़ी में ग्राम खोडरी के ग्रामीणों ने कुसमुंडा महाप्रबंधक के साथ बसावट क्षेत्र का निरीक्षण किया और बसावट स्थल को लेकर संतुष्ट दिखे। सभी लोगों ने अपनी खुशी का इजहार भी किया। प्रबंधन को चाहिए कि इसी तरह एसईसीएल के अधिकृत ग्राम चाहे वह दीपका क्षेत्र हो गेवरा क्षेत्र हो या कुसमुंडा क्षेत्र सभी बसावट से वंचित गांव को समय पर बसाहट आवंटित करके खदान के विस्तार को तेजी से बढ़ाएं।

## बी. इंदिरा ~एथलीटों के भरोसे से प्रशस्त हुई उनकी प्रसिद्धि की लंबी राह

**चेन्नई ,एजेंसी ।** तमिलनाडु सरकार ने प्रदेश के खेल विकास प्राधिकरण की अनुभवी ट्रैक और फील्ड कोच बी. इंदिरा को सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह सम्मान इंदिरा के अथक प्रयासों और राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

बी. इंदिरा की जीवन यात्रा, जो एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में उनकी भूमिका से शुरू हुई, दृढ़ता और अपने एथलीटों के प्रति गहरे समर्पण से प्रेरित है। यह समान उनके महत्वपूर्ण सफलताओं, विशेष रूप से ओलंपियन प्रवीण चित्रवेल के साथ उनके संबंधों पर आधारित है , जो उनके छात्रों को निरंतर प्रोत्साहित करने विश्वास पैदा करने और सफलता के पथ की नींव डालने पर आधारित है। 53 वर्षों के बाद, यह पुरस्कार अंततः तमिलनाडु में खेलों के विकास में इंदिरा के विशेष योगदान को याद दिलाया है।



बी. इंदिरा को दिए गए सम्मान के पीछे की कहानी जुड़ी है विश्व प्रसिद्ध बैडमिंटन चैंपियन पीवी सिंधु के संघर्षों और सफलताओं की घटनाओं से। बताया जा रहा है कि बैडमिंटन की दुनिया में सिंधु की उल्लेखनीय यात्रा उनके परिवार, कोच और साथियों से मिले समर्थन और विश्वास से भी गहराई से जुड़ी हुई है।

अपने माता-पिता द्वारा पोषित खेल के प्रति उनके शुरुआती जुनून से लेकर उनके कठोर प्रशिक्षण और उसके बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर जीत तक, जिसमें 2019 में विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण और 2021 में ओलंपिक पदक शामिल हैं, सिंधु ने अपनी उपलब्धियों में इस अटूट विश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका पर लगातार जोर दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पुंछ में पाकिस्तानी गोलीबारी से प्रभावित घरों को सेना की मदद, मुलाकत कर दिया राशन



जम्मू ,एजेसी। सेना ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कई गांवों के निवासियों से संपर्क किया। ये गांव ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित हुए थे। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि सैनिकों ने खारी करमारा, झल्लास और आसपास के गांवों में प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन लोगों के प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया, जिनके घर और आजीविका प्रभावित हुई थी। उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत की और उनकी तत्काल चिंताओं को समझा और उन्हें निरंतर सहायता का आश्वासन दिया। प्रवक्ता ने कहा कि प्रभावित परिवारों के बीच आवश्यक राशन के पैकेट वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि सेना ने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान स्थानीय लोगों के साथ खड़े रहने और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने सेना के समय पर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और बातचीत ने सुरक्षा बलों और लोगों के बीच विश्वास और सहयोग के बंधन को मजबूत किया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सात मई को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पड़ोसी देश में आतंकी ढांचे पर मिसाइल हमले किए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने पुंछ जिले में भारी गोलाबारी की।

## बांग्लादेश से भारत में घुसे तीन घुसपैठिए गिरफ्तार



**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे नदिया जिले में शनिवार देर रात तीन अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। सभी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रूपा बेगम, मुहम्मद आलम और मनीरा शेख के रूप में हुई है। तीनों मूल रूप से बांग्लादेश के झेनाइदह क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन लोगों ने लगभग चार महीने पहले एक स्थानीय एजेंट की मदद से अंतरराष्ट्रीय सीमा को अवैध रूप से पार कर भारत में प्रवेश किया था। एजेंट ने उन्हें फर्जी भारतीय पहचान पत्र भी उपलब्ध कराए थे।

भारत में घुसने के बाद ये लोग दूसरे राज्य में चले गए और छोटे-मोटे काम कर जीवनयापन करने लगे। लेकिन हाल के महीनों में विभिन्न राज्यों में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियानों के चलते इन्होंने वापस अपने देश लौटने का निर्णय लिया। रात के समय जब ये लोग फिर से धांतला अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप स्थित एक गांव पहुंचे, जहां से इन्होंने पहले भारत में प्रवेश किया था, तभी स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

नदिया जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ समय से सीमा से लगे कई गांवों से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की गिरफ्तारियां हुई हैं। लेकिन हाल के दिनों में ज्यादातर वही पकड़े जा रहे हैं जो भारत में कुछ समय बिताने के बाद अपने देश लौटने की कोशिश कर रहे हैं।

अधिकारियों ने इस कार्रवाई को सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने की दिशा में उठाया गया कदम बताया है। पुलिस अब इस मामले में शामिल स्थानीय एजेंट की तलाश में जुटी है जिसने इन घुसपैठियों की मदद की थी।

## खड़गपुर में सड़क जाम कर नौकरी से बर्खास्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया विरोध

**खड़गपुर,एजेंसी।** पश्चिम मेदिनीपुर ज़िले के खड़गपुर में सोमवार को नौकरी से बर्खास्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सड़क अवरुद्ध कर जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय राजमार्ग-6 के महत्वपूर्ण चौरंगी मोड़ पर सड़क जाम कर शिक्षकों ने एसएससी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की। प्रदर्शन करीब आधे घंटे तक चली। इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ बहस भी हुई। मिली जानकारी के अनुसार, प्रदर्शन में गर्भवती महिलाएं भी शामिल हुईं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि नियुक्ति के समय ली गई परीक्षा की 23 लाख ओएमआर शीट्स को तुरंत सार्वजनिक किया जाए, पुन~जांच याचिकाओं की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और योग्य उम्मीदवारों की स्पष्ट सूची जारी कर केवल उन्हें ही पुनर्बहाल किया जाए। आंदोलनकारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कहा कि यह विरोध नया नहीं है। हम लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। आज हम सड़कों पर उतरे हैं, क्योंकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कौन शिक्षक हैं और कौन अवैध तरीके से नियुक्त हुआ है। कुछ समय पहले तक हम शिक्षक थे, आज हमारी पहचान ही सवालों के घेरे में है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में एसएससी घोटाले को लेकर लंबे समय से विवाद जारी है। बड़ी संख्या में शिक्षक रहे हैं।

## पूजा ने थाईलैंड में दिखाया छत्तीसगढ़ का जलवा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**प्राइड ऑफ इंडिया इंटरनेशनल में पूजा राठौर रनर्स अप रहीं**

**जांजगीर, छत्तीसगढ़।** बहुमुखी प्रतिभा की पर्याय जांजगीर की पूजा राठौर ने थाईलैंड पटाया के ग्रैंड इम्पीरियर लिविंग में आयोजित प्राइड ऑफ इंडिया इंटरनेशनल में रनर्स अप का खिताब हासिल कर छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। पूनम प्रोडक्शन के बैनर तले पूनम गोकुपूरे के निर्देशन में आयोजित इस कॉम्पीटिशन की मिस मिसेस और किड्स कैटेगरी में भारत के अलावा पटाया के लोगों ने भी भारी संख्या में भागीदारी निभाई।

पूजा राठौर ने प्राइड ऑफ इंडिया की मिसेस कैटेगरी में भारतीय सभ्यता को दशार्ता माता सीता का किरदार एक राउंड में निभाकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को थाईलैंड में पहचान दिलाई। पूजा राठौर किसी प्रतिभा की मोहताज नहीं हैं। पिछले महीने रायपुर में न्यू उड़ान फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित फैशन शो में भी पूजा ने रनर्स अप का खिताब अर्जित कर



सबको प्रभावित किया था। थाईलैंड में हुई कॉम्पीटिशन में अतुल, प्रदीप पाली और साक्षी रेवतकर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शो में भारत और थाईलैंड के मॉडल्स ने रनवे पर अपनी अदाओं से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस भव्य आयोजन में मिस, मिसेस और किड्स कैटेगरी में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूजा राठौर ने माता सीता की भूमिका निभाकर भारतीय संस्कृति को थाईलैंड की पृष्ठभूमि तक पहुंचाकर छत्तीसगढ़ के साथ ही जांजगीर चांपा का नाम भी गौरवान्वित किया है।

## रुड़की के सुरेंद्र कुमार सैनी व कृष्ण सुकुमार को मिला हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान

हरिद्वार, एजेंसी। हिंदुस्तानी भाषा अकादमी द्वारा दिल्ली में हुए तृतीय हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान में रु?की के वरिष्ठ गीतकार सुरेंद्र कुमार सैनी व वरिष्ठ ??लकार कृष्ण सुकुमार को अकादमी सम्मान से नवा?ा गया। तृतीय हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान योजना के अंतर्गत देशभर से चयनित 51 दोहाकारों के दोहों का एक साझा संग्रह नावक के तीर का लोकार्पण भी इस अवसर पर किया गया। इस साझा दोहा संग्रह में शामिल 51 दोहाकारों में रुड़की के साहित्यकार सुरेंद्र कुमार सैनी एवं कृष्ण सुकुमार के दोहों को भी चयनित किया गया तथा उन्हें सम्मानित किया गया। इस साझा दोहा संग्रह का संपादन हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के अध्यक्ष सुधाकर पाठक ने किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर लक्ष्मी शंकर बाजपेई ने की मुख्यमंत्री ने इस अद्वितीय उपलब्धि को साहस और संकल्प का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि उस जुझारूपन और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाती है।

## दिल्ली के गैंग से जुड़े हैं बांग्लादेशियों के तार, भारत लाने वालों की तलाश में जुटी पुलिस

**देहरादून ,एजेंसी।** बांग्लादेशियों को देहरादून में बसाने में दिल्ली के एक गैंग का हाथ माना जा रहा है। यह गैंग बांग्लादेशियों को बंगाल से बिहार और फिर दिल्ली लाता है। इसके बाद इन लोगों को देश के विभिन्न हिस्सों में फर्जी आधार कार्ड बनवाकर मजदूरी आदि के काम में लगाया जाता है।

जो बांग्लादेशी देहरादून में पकड़े गए उनमें भी दिल्ली के आलम खान नाम के ठेकेदार का हाथ है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उधर, सभी पांच बांग्लादेशी और उनकी साथी भारतीय महिला पूजा रानी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। जल्द ही उन्हें देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया भी अमल में लाई जाएगी।





मौजूदा समय में शहर और देहात क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच एसएसपी अजय सिंह को गोपनीय सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग क्लेमेंटटाउन इलाके में रह रहे हैं। इस पर पुलिस और एलआईयू की टीम ने सत्यापन किया तो इनमें पांच बांग्लादेशी नागरिक पाए गए। ये सभी एक भारतीय महिला पूजा रानी के साथ रह रहे थे। इनमें से मुनीर चंद्र राय देहरादून में तीन बार आ चुका है।

**पुलिस अब दो आरोपियों की तलाश कर रही:** वह हर्रावाला के कैंसर अस्पताल के निर्माण कार्य में भी मजदूरी कर चुका है। पुलिस अब दो आरोपियों आलम खान और उसके साथी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक आलम खान दिल्ली का रहने वाला है। वह विभिन्न कंस्ट्रक्शन साइट के लिए मजदूरों की व्यवस्था करता है। उसी के संपर्क में बंगाल और बिहार के भी कुछ लोग हैं। ये सभी लोग बांग्लादेश से गैर कानूनी तरीके से आए लोगों को भी देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाते हैं।

ज्यादातर सभी के आधार कार्ड बिहार के विभिन्न पतों के होते हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली के इस गैंग के गुर्गे बिहार के बंगाल बॉर्डर के जिलों में भी रह रहे हैं। ये लोग ही फर्जी आधार कार्ड आदि बनवाने का काम करते हैं। दिल्ली में भी इसी गैंग के लोगों ने बांग्लादेशी नागरिकों को बसाने का काम किया है। लगातार खुफिया एजेंसियां भी इस मामले में जांच करती हैं, लेकिन चोरी छिपे देश के हर हिस्से में यह गैंग काम कर रहा है।

देहरादून में इन नागरिकों को लाने वाला ठेकेदार मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला है। उसके साथ कुछ और लोग भी जुड़े हो सकते हैं। ऐसे में पुलिस टीमें उसकी तलाश में दिल्ली और आसपास के इलाकों में भेजी गई हैं। एसओजी स्थानीय इंटेलीजेंस यूनिट के साथ मिलकर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इसके अलावा शहर और देहात क्षेत्र में सत्यापन अभियान को और सघन करने के निर्देश दिए गए हैं। - अजय सिंह, एसएसपी

फैब्रिकेटेड आईसीयू की इमारत को इस आग से काफी नुकसान पहुंचा है, लेकिन राहत की बात यह है कि कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। उनकी कहानी इस बात का एक शक्तिशाली प्रमाण है कि कैसे खुद से और दूसरों से विश्वास, एक एथलीट को उसके खेल के शिखर पर पहुंचा सकता है।

## अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से फैब्रिकेटेड आईसीयू में लगी आग, मरीजों को सुरक्षित निकाला

**झालावाड़,एजेंसी।** राजेंद्र सार्वजनिक अस्पताल में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के ऊपर बने फैब्रिकेटेड आईसीयू में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल पुलिस चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल ने बताया कि चौकी के ठीक ऊपर बने आईसीयू से धुआं और आग की लपटें निकलती दिखीं। कुछ ही देर में पूरा वार्ड धुएं से भर गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई। हालांकि समय रहते अस्पताल प्रशासन ने तत्परता दिखाई और आईसीयू में भर्ती करीब 50 मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई।



आग लगते ही अस्पताल की दोनों मंजिलों में भगदड़ मच गई और फायर अलार्म बजने लगे। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान अस्पताल कर्मचारियों ने भी आग बुझाने में मदद की। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय पोरवाल तुरंत अस्पताल पहुंचे और हालात का जायजा लिया। मरीजों को सुरक्षित अन्य वार्डों में शिफ्ट किया गया।

# मुख्यमंत्री ने किया राज्य भर में कृषि योजनाओं का शिलान्यास, हुआ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

बिहार में कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित वर्चुअल समारोह के माध्यम से कई महत्वपूर्ण योजनाओं एवं परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

तेघड़ा अनुमंडल के कार्यालय में भी इस कार्यक्रम को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ,अनुमंडल कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, , प्रखंड कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार, आत्मा प्रतिनिधि, किसान सलाहकार और स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

**मुख्य कार्यक्रम के बिंदु इस प्रकार रहे:**

**1. 62 अनुमंडल कृषि कार्यालय भवनों का शिलान्यास:**
मुख्यमंत्री ने बिहार के 62 अनुमंडलों में नवनिर्मित कृषि कार्यालय भवनों की आधारशिला रखी।

उन्होंने इसे किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं की बेहतर पहुंच के लिए एक मील का पत्थर बताया।

**2. 362 नवनियुक्त उद्यान पदाधिकारियों की नियुक्ति:**
कृषि क्षेत्र में विस्तार एवं बागवानी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने 362 नवचयनित उद्यान



पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बागवानी एवं पौध संरक्षण से संबंधित सेवाओं को गति मिलेगी।

**3. बीज वितरण एवं खरीफ महाअभियान 2025 का शुभारंभ:**
खरीफ सीजन की तैयारी हेतु मुख्यमंत्री ने बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही ₹खरीफ महा अभियान 2025₹ के तहत किसानों को उन्नत बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की गई।

**4. एलईडी युक्त प्रचार वाहनों को हरी झंडी:**
मुख्यमंत्री ने कृषि जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एलईडी युक्त प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। ये वाहन किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, योजनाओं और मौसम संबंधी जानकारी देंगे।

**5. बिहार कृषि मोबाइल ऐप का शुभारंभ:**
डिजिटल क्रांति की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने ₹बिहार कृषि₹ मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।

यह ऐप किसानों को बीज, उर्वरक, मौसम पूर्वानुमान, बाजार मूल्य, प्रशिक्षण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा।

**तेघड़ा से विशेष सहभागिता:**
तेघड़ा अनुमंडल में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित किसानों और पदाधिकारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजनाएं वास्तव में कृषि को लाभकारी, टिकाऊ और सुलभ बनाएंगी।

अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि यह न केवल एक शिलान्यास है, बल्कि किसानों के जीवन को समृद्ध बनाने की दिशा में सरकार का ठोस प्रयास है।

# एनटीपीसी बरौनी को टस्कर अवार्ड्स 2025 में दो सिल्वर पुरस्कार

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

### दो सिल्वर पुरस्कार से सम्मानित एनटीपीसी बरौनी




एनटीपीसी बरौनी ने तिरुवनंतपुरम में आयोजित प्रतिष्ठित टस्कर अवार्ड्स 2025 में दो सिल्वर पुरस्कार जीतकर जिले और बिहार का नाम रोशन किया ।

पहला सिल्वर पुरस्कार CSR इनोवेटिव श्रेणी में मिला, जो ग्रामीण समुदायों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मोबाइल मेडिकल यूनिट जैसी सशक्त और सतत पहलों के लिए प्रदान किया गया। इस पहल ने ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य जागरूकता और सुविधा की पहुंच को प्रभावी ढंग से सुदृढ़ किया है।

दूसरा सिल्वर पुरस्कार मानव संसाधन विभाग को लर्निंग एंड डेवलपमेंट श्रेणी में मिला,जिसमे कर्मचारियों के सतत प्रशिक्षण, कौशल विकास और व्यावसायिक उन्नयन की दिशा में किए गए सराहनीय प्रयासों को मान्यता दी गई।

इस मौके पर एनटीपीसी बरौनी की ओर से श्री गौरव चक्रवर्ती, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने पुरस्कार ग्रहण किये।

इस अवसर पर एनटीपीसी बरौनी परियोजना प्रमुख, श्री जयदीप घोष ने इस उपलब्धि पर एनटीपीसी बरौनी टीम को बधाई देते हुए कहा, यह सम्मान हमारी टीम की सामाजिक उत्तरदायित्व और कर्मचारी विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करते रहेंगे।

# ठीक ढंग से दांत की सफाई नहीं होती है तो हार्ट अटैक की भी संभावना:डा अभिषेक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बरौनी/ बेगूसराय** सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर परिसर में साइकिल पे संडे अभियान के तहत 553 वें रविवार को अहले सुबह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामेश्वरम डेंटल क्लिनिक के चिकित्सक डॉ अभिषेक कुमार द्वारा अभियान के सदस्यों का दंत परीक्षण किया गया। सदस्यों का दंत परीक्षण करते हुए डॉ अभिषेक ने कहा की आज दांतों की सफाई बहुत ज्यादा आवश्यक आ पड़ी है। अगर ठीक ढंग से दांत की सफाई नहीं होती है तो इसका असर हृदय पर पड़ता है और इससे हार्ट अटैक की भी संभावना पड़ती है। उन्होंने इसके विभिन्न पहलुओं को साफ-साफ बताते हुए उपस्थित सदस्यों को स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जागरूक किया।



मौके पर विनोद भारती ने डॉ अभिषेक का स्वागत करते हुए कहा कि सबके प्रयास से अभियान आगे बढ़ चला है। सभी सदस्यों का स्वास्थ्य अवश्यक है और इसके लिए डॉ अभिषेक ने अपना पूरा समय देकर अभियान के सदस्यों का ख्याल रखा है। इस मौके पर अभियान के संयोजक डॉ कुंदन कुमार, सुजीत कुमार, राजीव कुमार, अंशु कुमार, गोविंद कुमार, अक्षत कुमार, लक्ष्य कुमार, रिशु कुमार अंकित कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे इसके पूर्व सदस्यों द्वारा साइकिल पे संडे अभियान के तहत नगर भ्रमण किया गया। मौके पर सभी आगत अतिथियों को भी अंगवस्त्र और पौधा भेंट किया गया।

# मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी को डॉक्टर प्रवीण कुमार ने किया स्वागत

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

**तेघड़ा /बेगूसराय** बेगूसराय विष्णु ट्रामा सेंटर के प्रबंध निदेशक ओथोर्पेदिक सर्जन सह जदयू प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य डॉ. प्रवीण कुमार ने अपने अस्पताल के परिसर में जनता दल यूनाइटेड के विधान पार्षद सह मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी के आगमन को उत्सव के रूप में मनाया। डॉ. प्रवीण के नेतृत्व में उनके टीम के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। साथ में पूर्व जदयू प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अनिल जी, जदयू प्रदेश महासचिव परमहंस जी आदि आगत अतिथियों से औपचारिक मुलाकात के क्रम में अतिथियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर विधान पार्षद सह सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी ने डॉ. प्रवीण की राजनीतिक क्षमता एवं



कार्य शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि बेगूसराय के कुछ मुख्य कार्यकताओं की दक्षता एवं जदयू का संगठन बिहार की आत्मा है और कार्यकर्ता इसकी ऊर्जा, बेगूसराय की भूमि ने हमेशा संगठन को मजबूती दी है हम सभी नेतृत्व कार्यकताओं के सम्मान और मेहनत को प्रणाम करते हें । पार्टी के पूर्व मुख्यालय प्रभारी अनिल जी ने कहा कि बिहार के विकास और सामाजिक न्याय की लड़ाई में जदयू का योगदान अविस्मरणीय है । बेगूसराय के कार्यकताओं ने बार-बार यह साबित किया है कि वह पार्टी के लिए समर्पित और सजग है। वहीं प्रदेश राजनीतिक सलाहकार डॉ. प्रवीण कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के विकास पुरुष हें। और उन्होंने बिहार की दिशा और दशा को बदल दी है। यह पूरे प्रदेश की जनता कह रही है उनके कार्यकाल में बिहार का चौतरफा विकास हुआ है। डाउनलोड होने कहा कि प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन सातों सीट पर अपना परचम लहराएगी। टीम के नेतृत्वकताओं ने अतिथियों को बताया कि डॉ. प्रवीण जमीनी रूप से चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा करते आ रहे हें। अगर पार्टी इन्हें मौका देती है तो उस क्षेत्र की जनता को सबसे बड़ी खुशी मिलेगी।

इस अवसर पर बेगूसराय जदयू जिला संघठन प्रभारी शिव नंदन सिंह , जदयू मीडिया सेल प्रदेश अध्यक्ष मनीष मंडल, युवा जिलाध्यक्ष पंकज राय, युवा प्रवक्ता मिजान रिजवान, मीडिया सेल जिला अध्यक्ष मोनू पटेल, जिला प्रवक्ता अरुण महतो, जिला महासचिव अरुण सिंह गाँधी जी, जिला अनुश्रवण उपाध्यक्ष अकील अख्तर जी, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डॉ इताहमूल हक अंसारी ,जदयू प्रदेश सचिव तकनीकी प्रकोष्ठ सत्येंद्र शर्मा जी एवं बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# यह सिर्फ एक झंडा नहीं आजादी, गर्व और हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है: अभय कुमार सिंह सार्जन

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

### हर घर झंडा ,हर दिल में कांग्रेस,हर घर में सम्मान, हर हाथ में तिरंगा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन के नेतृत्व में अपने गृह प्रखंड अंतर्गत मटिहानी के मनि आप्पा, महेंद्रपुर सीहमा आदि गांव के सैकड़ो घरों में सोमवार को हर घर कांग्रेस झंडा कार्यक्रम चलाया।

सार्जन ने कहा डबल इंजन की सरकार की कमर तोड़ महंगाई बढ़ती बेरोजगारी एवं पलायन पर सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के संदेश को हर एक लोगों तक पहुंचाया।

उन्होंने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे तिरंगा यात्रा पर चुटकी लेते हुए कहा वैसे तो भारत-पाक युद्ध विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से हो



रहे आम जनों में किरकिरी को रोकने के लिए हम इसे भाजपाइयों का डैमेज कंट्रोल के रूप में देख रहे हें।

दूसरी और खुश भी है । भाजपा ने आजादी के 52 साल तक तिरंगा को नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय पर फहराने नहीं दिया तीन रंग अशुभ होता है कहकर इसे दूर रखा।

आज डैमेज कंट्रोल के बहाने इस तिरंगा को थाम कर प्रायश्चित तो कर रहा है।

हर घर कांग्रेस झंडा कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुमार मटिहानी ,प्रखंड प्रभारी सुनील कुमार ,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नवीन सिंह ,कांग्रेस नेता राजदेव सिंह, मो. मतीन, प्रमोद सिंह, पुतुल कुमार एवं दिनेश सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

# प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं बुलाए जाने पर चेयरमेन बबीता देवी ने संसद के समक्ष जाहिर की नाराजगी

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

### जिला पदाधिकारी ने एक दिन पूर्व संज्ञान लेते हुए जब तक आधारभूत सुविधा को नगर परिषद बिहट द्वारा मुहैया नहीं कराया जाता तब तक अगले आदेश तक जनहित में वसूली कार्य पर रोक लगाया था।

जबतक मूलभूत सुविधा नगर परिषद बीहट द्वारा मुहैया नहीं कराई जाती है । तब तक जनहित में स्टैंड का सैरात नहीं किया जाए। एनएच पर टैंडर कर वसूली करने व करवाने का अधिकार और आदेश अबतक किसी को नहीं दिया गया है। जीरोमाइल गोलम्बर सहित अन्य स्थानों पर संवेदक द्वारा वसूली तथा वसूली के दौरान शांतिपूर्वक विरोध करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाना गलत है।

उक्त बातें सोमवार को नगर परिषद बीहट कार्यालय प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद सह केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कार्यपालक पदाधिकारी से कहा।उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों तथा ओटो चालक संघ एवं विभिन्न समाचार पत्रों तथा इलेक्ट्रॉनिक चैनलों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई की नगर परिषद बीहट कार्यालय द्वारा विगत दिनों एक निविदा प्रकिया लाई गई थी। जिसमें एक लोगों ने सर्वाधिक राशि का बोली लगाया और 90 लाख रुपए में निविदा अपने नाम कराया। जिसपर सभी शुल्क इत्यादि लगने पर वह राशि करोड़ों रुपयों में चली गई थी। जिसपर संवेदक द्वारा विगत 15 मई से रसीद काटकर रुपए की वसूली शुरू कर दिया। जिसपर तत्काल प्रभाव से ओटो चालक दल एवं स्थानीय विभिन्न संघ संगठनों द्वारा



इसपर करा आपत्ति जताई गई थी। जिसपर स्थानीय जनप्रतिनिधि होने के नाते हमने संज्ञान लेते हुए कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बीहट एवं डीएम बेगूसराय से दूरभाष पर सम्पर्क स्थापित किया तथा तत्काल प्रभाव से पहले वसूली पर रोक लगाने,साथ ही मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के बाद ही निविदा प्रकिया लाई जाए। आगे उन्होंने कहा राजेन्द्र पुल सिमरिया घाट, बीहट चांदनी चौक और जीरोमाइल गोलम्बर पर एनएच सड़क पर कोई भी वसूली नहीं करेगा। जिसपर डीएम बेगूसराय तुषार सिंगला ने बिना वक्त ज्या किए नगर परिषद बीहट कार्यालय द्वारा निविदा में निर्गत आदेशों को स्थगित करते हुए वसूली पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। जिसका सम्मान करते हुए नगर परिषद बीहट द्वारा संवेदक को निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक वसूली पर रोक लगाया गया है। जिसके लिए स्थानीय सांसद सह केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने डीएम बेगूसराय, मुख्य पार्षद बबीता कुमारी, उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं प्रेस वार्ता की विधिवत सूचना नहीं मिलने की बात कहते हुए मुख्य पार्षद बबीता देवी ने स्थानीय सांसद सह केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप, प्रधान सहायक राज कुमार तथा स्वक्षता निरीक्षक मो नदीम द्वारा नगर परिषद बीहट कार्यालय में इस तरह की कार्य किया जाता है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी या कार्यालय प्रधान द्वारा किसी भी तरह की सूचना नहीं दी जाती है। यह निविदा प्रकिया हमारे तथा सशक्त कमिटी के सदस्यों के अनुपस्थिति में सदर एसडीओ राजीव कुमार के मिलीभगत से कार्यपालक पदाधिकारी और उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार द्वारा की गई है। और इसके आर में अवैध वसूली करने का काम 15 मई से संवेदक द्वारा शुरू कर दिया गया है। वहीं इस प्रकरण को तुल पकड़ता देख प्रेस वार्ता में शामिल कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप ने सफाई देते हुए कहा कि नगर परिषद बीहट के आंतरिक राजस्व में वृद्धि को लेकर नगर परिषद बीहट कार्यालय द्वारा निविदा की प्रक्रिया विधि सम्मत किया गया है। निविदा में अधिक बोली लगाने वाले संवेदक को सैरात किया गया था। जिसपर आधारभूत सुविधाओं का हवाला देते हुए ओटो चालक दल , स्थानीय विभिन्न संघ- संगठनों और जनप्रतिनिधियों द्वारा इसपर तब से लगातार आपत्ति जताई जाने लगी। जिसपर जिला पदाधिकारी बेगूसराय ने संज्ञान लेते हुए रोक लगाया है।मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, केशव शांडिल्य, उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष बरौनी शंभू कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष यशस्वी आनंद, सशक्त कमिटी सदस्य नेहा पटेल, बबीता कुमारी सहित वार्ड पार्षद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड पार्षद संघर्ष समिति एवं अन्य उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्न प्राशन कार्यक्रम आयोजित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय खोदावंदपुर के अंतर्गत सोमवार को प्रखण्ड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्न प्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों को प्रथम आहार के रूप में खीर खिलाया गया. बाड़ा पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 19 पर हुए अन्न प्राशन कार्यक्रम का निरीक्षण प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष मनीष कुमार ने किया, उन्होंने इस कार्यक्रम पर अपनी प्रसन्नता जतायी. मौके पर बीस सूत्री सदस्य हेमंत कुमार, मदन सहनी, तरुण कुमार रोशन, सेविका सुचिता कुमारी, सहायिका, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य मौजूद थे.

### स्कूलों में आयोजित हुई सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप



**राष्ट्र संवाद ब्यूरो/ अशोक कुमारठाकुर**

प्रखंड अंतर्गत सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों में एक से अधिक भाषा सीखने के लिए रचनात्मक माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन 19 मई सोमवार से प्रारंभ की ई। कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच आत्म परिचय, शब्दावली निर्माण, वास्तविक जीवन की बातचीत प्रथम, संस्कृति की सराहना, सुदृढ़ीकरण और आत्मविश्वास निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह 19 मई से सात दिनों के लिए सभी स्कूलों में कैंप आयोजित होगा। विद्यालय स्तर पर इस कार्यक्रम में कम से कम 75 से 100 विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा जारी निर्देश के आलोक में पहला दिन सभी विद्यालयों में बुनियादी अभिवादन और अभिव्यक्तियां. वर्णमाला संख्याएं एवं हस्ताक्षर, रोल प्ले, फ्लैश कार्ड, विभिन्न प्रेरणादायक एवं देशभक्ति विचारों का अनुवाद कराया गया। वहीं दूसरे दिन ऑडियो वीडियो उपकरण, रोल प्ले, रेस्टोरेंट में खाना मंगवाना, बस स्टॉप पर दिशा पूछना, यातायात का नियम समझना होगा।

तीसरा दिन- संगीत, नृत्य, चित्रकला, देश भक्ति गीतों का विभिन्न भाषाओं में गाना, विशिष्ट वाद्य यंत्र, नृत्य, चित्रकार शैली आदि का अभ्यास.

चौथा दिन- मसाले, सब्जियां एवं फलों के नाम, शिक्षकों की मदद से पारंपरिक खाद्य पकवान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया जाना।

पांचवां दिन- संस्कृति की सराहना, सुनने के कौशल का विकास, सामाजिक विषयों पर बनी लघु फिल्म आदि दिखाया जाना.

छठा दिन- नदी, पहाड़, ऐतिहासिक स्मारकों के बारे में जानकारी.

सातवां दिन- बच्चों द्वारा प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी और प्रमाण पत्र वितरण.

इस बार विद्यालयों के बच्चों के बीच दो समर कैंप का आयोजन किया जाएगा. पहला समर कैंप 19 मई से शुरू होगा. एक सप्ताह का यह कैंप भारतीय भाषा समर कैंप होगा. इसका आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर किया जाएगा. भाषा की समझ विकसित करने के उद्देश्य इस कैंप का आयोजन किया जाएगा. जबकि दूसरा कैंप बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा पांचवी एवं छठी कक्षा के बच्चों के लिए आयोजित होने वाला गणित समर कैंप कहा जाएगा. इसमें स्कूली बच्चे शामिल होंगे, किंतु इसका आयोजन सामुदायिक स्तर पर होगा तथा वॉलिंटियर इस कैंप का संचालन करेंगे. इसमें बच्चों के बुनियादी गणित को मजबूत किया जाएगा।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक , 3 जून तक लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर एसडीएम राकेश कुमार ने दी सख्त निर्देश



**राष्ट्र संवाद ब्यूरो /अशोक कुमार ठाकुर**

अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में एक अहम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें नगर परिषद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान कार्ड योजना के तहत लंबित लाभुकों के लगभग 2.5 लाख आयुष्मान कार्डों के निर्माण को लेकर रणनीति बनाना एवं क्रियान्वयन की गति को तेज करना था।

एसडीएम तेघड़ा ने बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि जो भी पदाधिकारी कार्य में शिथिलता या लापरवाही बरतते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 3 जून 2025 तक हर हाल में सभी पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बना दिया जाना चाहिए।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को विशेष रूप से जिम्मेवारी सौंपी गई कि वे पंचायतवार सूची तैयार कर प्रत्येक लाभुक तक पहुंच बनाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

एसडीएम ने आम जनता से भी अपील करते हुए निर्देश दिए कि वे अपने जरूरी दस्तावेजों (राशन कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर आदि) के साथ संबंधित प्रखंड या पंचायत स्तर पर पहुंचकर अपना कार्ड अविलंब बनवाएं। उन्होंने कहा कि यह जनहित से जुड़ी योजना है।

बैठक में तय किया गया कि हर सप्ताह कार्य की समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता अनुसार विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे समन्वय स्थापित कर कार्य को युद्धस्तर पर संचालित करें। बैठक में तेघड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार, तेघड़ा नगर कार्यपालक पदाधिकारी किशोर कुणाल, बरौनी नगर कार्यपालक पदाधिकारी रणबीर कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी शिशिर कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक बिरजू कुमार, अंचल निरीक्षक चंद्र देव चौधरी, स्वास्थ्य विभाग के मोहम्मद शहंशाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे

### कोटवा में अफीम के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह के तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण,** ।जिले के कोटवा थाना क्षेत्र में पुलिस व एसटीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 4.074 अफीम के साथ एक बड़े अंतर्राज्यीय मादक द्रव्य के तस्कर गिरोह के सदस्यो को गिरफ्तार किया है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# आज प्रतिष्ठा बचाने के लिए भिड़ेंगे सीएसके और रॉयल्स




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग में आपस में भिड़ेंगी जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी। मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। रॉयल्स की टीम अगर 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर हैं तो इसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता है। जोस बटलर को टीम से जाने देने और जोफ्रा आर्चर के खराब प्रदर्शन के कारण रॉयल्स के सामने कई चुनौतियां रहीं।

विपक्षी टीम को दबाव में डालने की क्षमता रखने वाले एक अच्छे भारतीय गेंदबाज की कमी भी टीम की बड़ी कमजोरी रही है। अगर मुंबई इंडियंस की टीम वापसी करने में सफल रही तो इसकी सबसे बड़ी वजह स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट थे। अगर गुजरात टाइटंस की स्थिति मजबूत है तो इसकी वजह मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा हैं जिन्होंने मिलकर 30 से अधिक विकेट लिए हैं। रॉयल्स की टीम के साथ मौजूदा सत्र में ऐसा देखने को नहीं मिला। उन्होंने बल्लेबाजी में कुछ शानदार शुरुआत की जैसे कि रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ जब उन्होंने शुरुआती पांच ओवर में 70 से अधिक रन बनाए लेकिन टीम फिर भी मैच हार गई। मौजूदा सत्र में रॉयल्स के साथ बार-बार यह कहानी दोहराई गई। टीम सम्मान के लिए खेल सकती है और जीत के साथ अपने अभियान का अंत कर सकती है।

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और परखे हुए खिलाड़ियों को शामिल करने का उसका पुराना फार्मूला मौजूदा सत्र में पूरी तरह से विफल रहा जिससे टीम का प्रदर्शन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सुपर किंग्स को राहुल त्रिपाठी और दीपक हुड्डा से बहुत ज्यादा उम्मीदें थी। भारत के लिए खेलने के अनुभव ने उन्हें फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध दिलाया होगा लेकिन वे दबाव की स्थिति में लगातार मैच जीतने वाला प्रदर्शन नहीं कर पाए। आयुष म्हात्रे, शेख रशीद और उर्विल पटेल जैसे युवा खिलाड़ियों के आने से टीम के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

20 वर्षीय म्हात्रे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाने के करीब पहुंचे और सनराइजर्स हैदराबाद तथा मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया। पटेल देर से टीम में शामिल हुए लेकिन उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तेजतर्रार पारी खेलकर अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने अब तक जो किया है उसे अगले सत्र का ट्रेलर कहा जा सकता है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के टूर्नामेंट से बाहर होने से टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं। कई लोगों को उम्मीद थी कि धोनी के कप्तान के रूप में वापस आने से टीम की किस्मत बदल जाएगी लेकिन इतने सीमित संसाधनों के साथ वह भी कुछ खास नहीं कर सके। डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र जैसे विदेशी खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें थीं लेकिन सुपरकिंग्स के लिए कुछ भी काम नहीं आया। सुपरकिंग्स को अगली नीलामी के दौरान अपना बल्लेबाजी संयोजन बेहतर करना होगा।

**टीम इस प्रकार हैं**

चेन्नई सुपर किंग्स - महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रविंद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्धार्थ और वंश बेदी।

राजस्थान रॉयल्स -संजू सैमसन (कप्तान), अशोक शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, वानिंदु हसरंगा, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, रियान पराग, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, महेश तीक्षणा, युद्धवीर सिंह।

## दिल्ली कैपिटल्स को हराकर गुजरात टाइटंस ने प्लेऑफ में जगह बनाई




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर गुजरात टाइटंस ने प्लेऑफ में जगह बना ली। पहले खेलते हुए केएल राहुल के 112 रनों की बदौलत दिल्ली ने 199 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी गुजरात ने साई सुदर्शन के शतक तो शुभमन के 93 रनों की बदौलत 19वें ओवर में जीत हासिल कर ली। बतौर कप्तान मैच के बाद शुभमन गिल ने कहा कि बोर्ड पर क्यू हासिल करने में सक्षम होना बहुत अच्छा लगता है। हमारे लिए अभी भी दो महत्वपूर्ण खेल हैं, प्लेऑफ़ में गति प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण होगा। ऐसा होना अद्भुत लगता है।शुभमन ने कहा कि मैंने इस बारे में कई बार बात की है जब मैं बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो मैं एक बल्लेबाज के रूप में खेलना और सोचना चाहता हूं, कप्तान के रूप में नहीं। पिछ्ला साल मेरे लिए सीखने वाला था क्योंकि मैं पहली बार कप्तान था, पिछले सीजन के अंत में मैंने यह सीखा। हम खेल में वापस आ गए थे, हम अभ्यास कर रहे थे। हमारी फील्डिंग औसत से कम रही थी, हमारे पास इस पर विचार करने और अपने क्षेत्ररक्षण पर काम करने का थोड़ा समय था। शुभमन ने कहा कि आप परिस्थितियों और स्थिति को देख रहे हैं, हम खेल को खत्म करने के बारे में बात करते हैं और इसे किसी और पर नहीं छोड़ते क्योंकि इस तरह के विकेट पर कुछ विकेट दबाव पैदा कर सकते हैं। आधे रन तक हमें लगा कि हमने 10-15 रन अतिरिक्त दे दिए, उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की, गेंद स्पिन हो रही थी। ज्यादा नहीं, असल में मैं बीमार हो गया था, ब्रेक से मदद मिली।

## इंग्लैंड दौरे से पहले सख्त डाइट और ट्रेनिंग पर सरफराज खान, वजन में की भारी कटौती




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने खूब पसीना बहा रहे हैं और जमकर मेहनत कर रहे हैं। सरफराज फिट होने की राह पर हैं और सख्त डाइट प्लान के जरिए उन्होंने 10 किलो वजन भी घटाया है। एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी साझा की गई है। पिछले साल 2024 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले सरफराज ने एक भी विदेशी टेस्ट मैच नहीं खेला है। बल्लेबाज को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों के लिए इंडिया ए टीम में चुना गया है। इस बार उन्हें भी टीम में मौका मिले इसके लिए वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं क्योंकि यही एक चीज में जिसे लेकर उन्हें अकसर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। भारत ए को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच (30 मई-2 जून को कैंटरबरी में और 6-9 जून को नॉर्थम्प्टन में) और सीनियर इंडिया टेस्ट टीम के खिलाफ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच (13-16 जून को बेकेनहैम में) खेलना है। 18 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन 3 जून को आईपीएल 2025 के समाप्त होने के बाद इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच से पहले भारत 'ए' टीम में शामिल होंगे। गौर हो कि दिल्ली के अभी 12 मैचों में 6 जीत, 5 हार और एक नोरिजल्ट के बाद 13 अंक हैं। अगर दिल्ली मुंबई और पंजाब के खिलाफ अपने आगामी मैचों में जीत जाती है तो उसके 17 अंक हो जाएंगे जिससे वह प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेगी। दस गेंदों पर 30 रन, उस तरह की पारी, जो आपको अचानक 220 तक ले जाती है। एक ही व्यक्ति पर उंगली उठाने के बजाय, मुझे लगता है कि यह इसके विपरीत है। दस ओवर के निशान तक दिल्ली कैपिटल्स 1 विकेट पर 81 रन बना चुकी थी, जिसमें राहुल ने 38 गेंदों पर 56 रन बनाए। हालांकि 15वें और 18वें ओवर के बीच राहुल ने केवल छह गेंदों का सामना किया, जबकि अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने अधिकांश गेंदें खेली। मूडी के अनुसार, इस बदलाव ने कुछ हद तक राहुल की गति को बाधित किया।




## 'अभी भी क्वालीफाई करने का मौका' अभिषेक पोरेल ने हार के बाद समझाया प्लेऑफ का गणित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरुण जेटली स्टेडियम में अपने अंतिम घरेलू मुकाबले में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स की प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा हैं। बी साई सुदर्शन के 61 गेंदों पर नाबाद 108 रन और शुभमन गिल के 53 गेंदों पर नाबाद 93 रन की बदौलत दिल्ली को 10 विकेट से करारी शिकस्त मिली जो नई दिल्ली में इस सीजन की उनकी चौथी हार भी थी। गुजरात, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के प्लेऑफ में प्रवेश करने के साथ ही दिल्ली की प्लेऑफ की संभावनाएं अब कमजोर पड़ गई हैं। हालांकि विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को लगता है कि अगर दिल्ली अपने बचे हुए लीग मैच मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ जीतते हैं, तो वे प्लेऑफ में जगह बना सकते हैं। 19 गेंदों में 30 रन बनाने वाले पोरेल ने भी महसूस किया कि रविवार को पिच बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गई थी क्योंकि खेल आगे बढ़ रहा था। उन्होंने कहा, वास्तव में उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। पहली पारी में गेंद शुरू में थोड़ी अटक रही थी और इसने तय किया कि हम उस समय कैसे खेलते हैं। लेकिन बाद में विकेट बहुत अच्छा था। इसलिए मुझे लगता था कि पहली पारी में यह हमारे लिए बहुत अच्छा स्कोर था। लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। हमने अच्छा क्रिकेट खेला। कुछ मौकों पर, हम थोड़ा पीछे थे इसलिए हम जीत नहीं पाए। लेकिन हमने अच्छा क्रिकेट खेला। हमने खराब क्रिकेट नहीं खेला। हमने अच्छा क्रिकेट खेला। हमारे पास अभी भी दो मौके हैं। अगर हम दोनों मैच जीतते हैं, तो हमारे पास अभी भी क्वालीफाई करने का मौका है। इसलिए मैदान पर ऐसी कोई चुनौती नहीं है। यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है, क्योंकि दिल्ली ने अपने पिछले आठ मैचों में से पांच गंवा दिए हैं। बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ उनका मुकाबला बारिश के खतरे में है। डीसी का अंतिम लीग गेम एक खतरनाक पंजाब किंग्स टीम के खिलाफ होगा जो पहले से ही प्लेऑफ में है। दिल्ली को वास्तव में जिस चीज से मदद नहीं मिली है, वह है शीर्ष क्रम में लगातार फेरबदल, गुजरात के खिलाफ उन्होंने केएल राहुल और फाफ डु प्लेसिस को अपनी सलामी जोड़ी के रूप में उतारा था। यह डीसी द्वारा इस सीजन में आजमाई गई सातवीं सलामी जोड़ी थी जो किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक आजमाई गई सलामी जोड़ी थी। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स पांच अलग-अलग जोड़ियों को उतारा था।

## रिकी पोंटिंग का नाम लेकर क्या गौतम गंभीर पर साधा निशाना श्रेयस अय्यर पर सुनील गावस्कर के चौके-छक्के




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि श्रेयस अय्यर को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब दिलाने का पर्याप्त श्रेय नहीं मिला। श्रेयस ने केकेआर को उनका तीसरा आईपीएल खिताब दिलाया, लेकिन आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया। बाद में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने उन्हें खरीद लिया। केकेआर की सफलता का श्रेय ज्यादातर मेंटर गौतम गंभीर को दिया गया। लेकिन गावस्कर को लगता है कि श्रेय कप्तान होने के नाते डगआउट में बैठे किसी व्यक्ति की तुलना में अधिक श्रेय के हकदार हैं।

अपनी कप्तानी के अलावा श्रेयस ने 14 पारियों में 39 की औसत और दो अर्धशतकों के साथ 351 रन बनाए। इस साल श्रेयस के नेतृत्व में पीबीकेएस प्लेऑफ में पहुंच गई है। टीम ने आखिरी बार 2014 में शीर्ष चार में जगह बनाई थी। तब फाइनल में उसे केकेआर से हार का सामना करना पड़ा था। गावस्कर को खुशी है कि इस सीजन में श्रेयस को सारी प्रशंसा मिल रही है। पीबीकेएस ने पिछले साल की मेगा नीलामी में अय्यर को 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब तक अय्यर के लिए पीबीकेएस का यह कदम सफल रहा है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 12 मैचों में 48.33 की औसत से 435 रन बनाए हैं। इसमें चार अर्धशतक शामिल हैं।शुभमन गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी अब एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा 839 रन बनाने वाली भारतीय जोड़ी बन गई है।

आईपीएल में सबसे ज्यादा 100 प्लस साझेदारी करने वाली जोड़ी विराट कोहली और एबी डिविलियर्स की है, जिन्होंने 10 बार यह कारनामा किया है। इस लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर शुभमन गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी भी आ गई, जो 7 बार 100 रन की पार्टनरशिप आईपीएल में कर चुके हैं।

साई सुदर्शन और शुभमन दिल के बीच कुल 205 रन की साझेदारी हुई। यह आईपीएल में तीसरी सबसे बड़ी हाइएस्ट ओपनिंग पार्टनरशिप है।आईपीएल में सबसे ज्यादा नाबाद शतक लगाने का रिकॉर्ड अब केएल राहुल के नाम हो गया है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में पांच शतक लगाए हैं और पांचो बार ही वह नाबाद रहे हैं।दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल के इतिहास में तीसरी बार 10 विकेट से हारी है। इससे पहले 2015 में आरसीबी तो 2017 में पंजाब ने भी दिल्ली को 10 विकेट से हरा रखा है।सुनील गावस्कर ने कहा कि श्रेयस अय्यर को पिछले आईपीएल सीजन में जीत का श्रेय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सारी प्रशंसा किसी और को दी गई। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा- उन्हें पिछले आईपीएल में जीत का श्रेय नहीं मिला। सारी प्रशंसा किसी और को दी गई। कप्तान की भूमिका बीच में बहुत अहम होती है। डगआउट में बैठे व्यक्ति की नहीं। गावस्कर इस बात से खुश हैं कि इस साल श्रेयस को उनकी मेहनत का फल मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार रिकी पोंटिंग को सारा क्रेडिट नहीं मिल रहा है।

## बेन स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए छोड़ी शराब, आगामी एशेज श्रृंखला पर नजर



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज श्रृंखला के लिए तैयार होने के प्रयास में अपने पैर की मांसपेशियों की चोट के रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना छोड़ दिया है। इस दिग्गज क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि इससे उनकी चोट से जल्द उबरने में मदद मिलेगी। स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद दिसंबर में अपने बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी करवाई थी जिसके कारण वह लंबे समय तक खेल से बाहर हो गए थे। स्टोक्स ने 'अनटैप्ड पॉडकास्ट' पर कहा, ''अपनी पहली बड़ी चोट के बाद मुझे उसका सदमा याद है और तब मैं सोच रहा था कि यह कैसे हुआ? उन्होंने कहा, '(मैंने सोचा) 'हमने चार या पांच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इसका कोई असर हो सकता है? इससे कोई मदद नहीं मिलती। स्टोक्स ने कहा, 'फिर मैंने सोचा कि मैं जो करता हूं मुझे उसे बदलना होगा। स्टोक्स को पिछले साल हंड्रेड टूर्नामेंट में पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी और न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के दौरान वह फिर से चोटिल हो गए। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं कभी पूरी तरह से इससे दूर हो पाऊंगा लेकिन मैंने दो जनवरी से शराब नहीं पी है। मैंने खुद से कहा, 'जब तक मैं अपनी चोट का इलाज पूरा नहीं कर लेता और मैदान पर वापस नहीं आ जाता, तब तक नहीं। गावस्कर ने आगे कहा- देखिए, इस साल उन्हें सही श्रेय मिल रहा है। कोई भी सारा श्रेय रिकी पोंटिंग को नहीं दे रहा है। कप्तान के तौर पर और रिकी पोंटिंग जैसे कोच के साथ अय्यर ने बहुत समझदारी और सक्रियता दिखाई है। इसका नतीजा यह है कि पीबीकेएस 17 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है।

## केएल राहुल लोगों की अपेक्षा से कहीं बेहतर खिलाड़ी हैं:मूडी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को उनकी वास्तविक क्षमता का पूरा श्रेय नहीं दिया गया है। उन्होंने रविवार को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 112 रनों की पारी खेलकर दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी क्रम के पतन से बचाया था। दिल्ली की शुरुआत खराब रही और पहले पांच ओवरों में 1 विकेट पर 28 रन ही बना सकी। लेकिन राहुल की शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें लगभग 200 रन के आंकड़े तक पहुंचा दिया। हालांकि साई सुदर्शन (नाबाद 108) और शुभमन गिल (नाबाद 93) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर गुजरात टाइटन्स के लिए प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। राहुल ने 60 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 172.30 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाकर नाबाद रहे। आईपीएल 2025 में वह 148.04 की स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 493 रन बना चुके हैं। आईपीएल 2018 के बाद से यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है, जब उन्होंने 14 मैचों में 158.41 की दर से 659 रन बनाए थे। मूडी ने पर कहा, मुझे हमेशा केएल राहुल के बारे में आलोचना काफी असाधारण लगती है। मुझे लगता है कि वह बहुत से लोगों की तुलना में बहुत बेहतर खिलाड़ी हैं। और जिस तरह से मैं इस पारी को देखता हूं, मुझे लगता है कि यह एक शानदार पारी है।

उन्होंने कहा, और हां, देखिए यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन मैच जीतता है, आप जानते हैं, वह प्लेयर ऑफ द मैच है या नहीं। लेकिन जिस तरह से मैं इसे और बैटिंग कार्ड को देखता हूं, जो उन्हें निराश करता है और 220 तक नहीं पहुंच पाते है, वह है अन्य बल्लेबाज जो केवल 150 पर ही आउट हो गए। (बल्लेबाज़ी के अनुकूल) सतह पर, आप प्रभाव चाहते हैं।

उन्होंने कहा, जब आपके पास कोई ऐसा खिलाड़ी होता है जो एंकरिंग करता है, जो कुल स्कोर बनाता है, तो जब आप आते हैं तो आपकी भूमिका खेल को प्रभावित करना होती है